हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 25.7 डिग्री


लालखदान ओवरब्रिज में आए दिन मवेशियों का जमावड़ा रहता है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले वाहन सवारों को हादसे की आशंका बनी रहती है।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस करेगी आज ईडी का पुतला दहन

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे ईडी ओर केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया जाएगा। इसके पहले कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे, उसके बाद नारेबाजी करते हुए नेहरू चौक पहुंचकर पुतला दहन करेंगे। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके परिजनों पर ईडी द्वारा कार्रवाई करने के विरोध में पुतला दहन किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व महापौर, पूर्व सभापति, निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, नगर निगम के पार्षद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद उपस्थित रहेंगे।

### वन्दे मातरम् मित्र मंडल की बैठक आज

**बिलासपुर।** सामाजिक समरसता लाने लव जेहाद एवं धर्मांतरण के विरुद्ध पिछले चार वर्षों से प्रति सप्ताह लोगों को जागरूक करने बिलासपुर नगर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित राजधानी रायपुर एवं प्रदेश के अन्य जिलों में कार्यरत वन्देमातरम मित्र मंडल की बैठकें आयोजित कर, स्वास्थ शिविर लगाकर,मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करा कर लगातार हिन्दू समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। शनिवार 19 जुलाई को दोपहर 11: 30 बजे लखीराम आडिटोरियम में राष्ट्रवादी विचारक प्रखर वक्ता पुष्पेंद कुलश्रेष्ठ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगी। वन्दे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने मित्र मंडल के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### फसल बीमा कराने समितियों में शिविर आज

**बिलासपुर।** किसानों को फसल बीमा कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए उनके आसपास मौजूद सहकारी समितियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बीमा योजना की कल हुई समीक्षा में कम प्रगति को ध्यान में रखते हुए आगामी 31 जुलाई तक समितियों में अलग-अलग तिथियों में शिविर आयोजन के निर्देश दिए थे। इन शिविरों में बीमा के लिए जरूरी सभी दस्तावेज उन्हें एक साथ मुहैया होगा। ग्रामीण स्तर के पटवारी, आरएईओ, समिति प्रबंधक यथासंभव बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे। कलेक्टर ने दूरगामी हित को देखते हुए सभी किसानों से बीमा करा लेने की अपील की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को हर संभव अपील करने के निर्देश भी दिए है। बीमा का कार्य किसी बैंक के अलावा किसी भी सीएससी से कराया जा सकता है।

### कौशल प्रतियोगिता का पंजीयन कल तक

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आटोमोटिव टेक्नॉलाजी, ब्रिकलेयिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन, हेल्थ एवं सोशल केयर, प्लम्बिंग एवं हीटिंग, रिनेवेबल एनर्जी, ग्राफिक डिजाईन टेक्नॉलाजी, डेस्कटॉप पब्लिशिंग, फिल्ड टेक्निशियन इलेक्ट्रानिक्स, मोबाईल फोन टेक्नीशियन इलेक्ट्रानिक्स एवं रेफरिजरेशन एण्ड एयर कंडिशनिंग इत्यादि सेक्टर में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 21 से 23 जुलाई तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सत्र 2023-24 से लेकर अब तक प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत हितग्राही की वेबसाइट पर कौशल तिहार टैब को क्लिक कर इच्छुक 20 जुलाई तक पंजीयन कर सकते हैं।

# मिशन अस्पताल परिसर पर कब्जे की तरफ एक और कदम

**हाईकोर्ट ने खारिज की मिशनरीज की याचिका** | **नितिन लॉरेंस द्वारा पेश याचिका पर फैसला, पावर आफ अटार्नी को भी गलत माना गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन अस्पताल के स्वामित्व को लेकर चल रहे विवाद में शुक्रवार को हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया। जस्टिस ए. के. प्रसाद की अदालत ने नितिन लॉरेंस द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। ध्यान रहे कि नितिन लॉरेंस ने सबसे पहले कमिश्नर बिलासपुर के समक्ष याचिका लगाई थी, जिसमें बिलासपुर कलेक्टर के द्वारा मिशन अस्पताल को अपने अधीन लेने के निर्णय का विरोध किया गया था। कमिश्नर ने याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि अस्पताल की जमीन क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) की है और लॉरेंस द्वारा प्रस्तुत की गई पॉवर ऑफ अटॉर्नी किसी अन्य संस्था से संबंधित थी। इसके बाद लॉरेंस ने



हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने पहले कमिश्नर रायपुर के समक्ष जाने को कहा। वहां भी लॉरेंस की पॉवर ऑफ अटॉर्नी पर सवाल उठे और याचिका खारिज कर दी गई। इस आदेश के खिलाफ लॉरेंस ने दोबारा उच्च न्यायालय में अपील की, जिसे आज अंतिम रूप से खारिज कर दिया गया।

गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना साल 1885 में हुई। मिशन अस्पताल को लीज पर दिया गया। था। लीज साल 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। नजूल न्यायायलय के खिलाफ मिशन प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान एडवोकेट जनरल ने दो दिनों की लगातारबहस में कोर्ट को यह साबित किया कि नितिन लॉरेंस हर याचिका में अपना पद बदल रहे थे और विभिन्न संस्थाओं की पॉवर ऑफ अटॉर्नी प्रस्तुत कर रहे थे। यह गलत और गुमराह करने वाला है। हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। शुक्रवार को इसमें फैसला देते हुए हाईकोर्ट ने लारेंस की याचिका को खारिज कर दिया है।



### कमिश्नर कोर्ट ने अधिग्रहण को सही ठहराया

दरअसल मिशन अस्पताल परिसर की जमीन क्रिश्चियन वुमन बोर्ड को आबंटित की गई थी। इस जमीन पर मिशन अस्पताल खोला गया। बाद में इस अस्पताल परिसर की जमीन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए उसे किराए पर दे दिया गया। जिला प्रशासन ने लीज निरस्त होने के बाद मिशन अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। कलेक्टर के इस आदेश के खिलाफ अस्पताल प्रबंधन ने कमिश्नर के समक्ष अपील की, जिस पर तत्कालीन कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का ने स्टे दे दिया था, जिसके बाद राज्य शासन ने उन्हें हटा दिया था। कमिश्नर कोर्ट ने बाद में लीज समाप्त होने पर भूमि के अधिग्रहण को सही ठहराया था।

### सिविल कोर्ट में अब भी लंबित है एक मामला

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद जिला प्रशासन ने मिशन अस्पताल परिसर पर कब्जे की तरफ एक कदम और बढ़ाया है। अब शासन के सामने केवल बिलासपुर न्यायालय में लंबित याचिका ही बची है, जो 1891 से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर डिसाईपल संस्थान द्वारा दायर की गई है। यह संस्थान क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) के वैध मालिकाना हक का दावा करता है। इस याचिका की सुनवाई 26 अगस्त को निर्धारित है। ध्यान रहे कि मिशन अस्पताल की 10 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक का दावा करते हुए याचिका सिविल कोर्ट में दायर की गई है।

### 1925 तक यह जमीन चर्च के नाम पर दर्ज

डिसाइपल्स चर्च के प्रतिनिधियों द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि 1891 के मिसल अधिकार के रिकार्ड बताते हैं कि 1925 तक यह जमीन चर्च के नाम पर थी। इसके बाद यह जमीन शासन के नाम पर कैसे आई, इस पर सवाल है। याचिका में कलेक्टर के आदेश और प्रशासन की अधिग्रहण की कार्रवाई को गलत बताते हुए निरस्त करने की मांग की गई है। सिविल लाइन निवासी सुबोध मार्टिन, अतुल अनुराग की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि डिसाईपल क्रिश्चियन लोगों के लाभ के लिए करीब 9 लाख वर्गफीट जमीन 19 नवंबर 1981 को अमेरिका निवासी इराबेला द्वारा वजीर खान से खरीदी गई थी। यह जमीन 1925 में नजूल मिशन में भी क्रिश्चियन मिशन ऑफ डिसाईपल ऑफ खाईस्ट संस्था, बिलासपुर के नाम पर स्थायी भूमि स्वामी के हैसियत से दर्ज है। इसके बाद लेकिन यह जमीन शासन के खाते में दर्ज हो गई।

## अब नए बजट के साथ शिवघाट बैराज और तुर्काडीह पुल से जोड़े जाने की बात

# साढ़े 22 करोड़ में बन रही 2 किमी की सड़क ढाई साल से अधूरी, किस काम की कोई नहीं बता रहा


एक ऐसी सड़क बनाई जा रही जो फिलहाल कहीं नहीं जाती और किसी उपयोग की नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा ताल के सामने कोनी क्षेत्र में नया कमिश्नर आफिस बनाया जा रहा है। इसके पीछे 22 करोड़ रुपए में स्मार्ट सिटी की ओर से 1900 किमी की सड़क और नाला निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क क्यों बन रही इसका कोई जवाब किसी के पास नहीं है। कभी रिवर व्यू और चौपाटी तो कभी दूसरी बात कही जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि नदी के पानी को साफ करने के लिए एसटीपी बनाया जा रहा है। इसके निरीक्षण और दूसरे कामों के लिए यह सड़क बन रही है। अब कहा जा रहा है कि नया बजट स्वीकृत कराते हुए इस सड़क को एक तरफ शिवघाट बैराज और दूसरी तरफ तुर्काडीह पुल से जोड़ा जाएगा। हालांकि इस सड़क की हालत यह है कि पिछले ढाई सालों से चल रहा यह काम अधूरा है। इस दौरान एक कंपनी काम छोड़कर भाग गई तो दूसरी कंपनी से काम कराया जा रहा है। सबसे बड़ी बात कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कोनी में 6 एमएलडी क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) 7.03 करोड़ रुपए की लागत से बनकर महीनों पहले तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक चालू नहीं हो पाया क्योंकि प्लांट तक गंदा पानी पहुंचाने वाली आरसीसी नाली ही नहीं बनी, जिसकी लागत महज 5 करोड़ रुपए थी। हैरानी की बात यह है कि अधिकारियों ने इस जरूरी काम को दरकिनार कर पहले 22.54 करोड़ रुपए खर्च कर एक ऐसी सड़क बनानी शुरू कर दी, जो फिलहाल कहीं नहीं जाती और वर्तमान में किसी उपयोग की नहीं है।

स्मार्ट सिटी की राशि का सही उपयोग बिलासपुर में कम ही हो सका। शहर के मध्य


4 करोड़ में बनने वाली नाली भी नहीं बन सकी

एरिया के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट पर कम राशि खर्च की गई तो बाहरी क्षेत्र में नए प्रोजेक्ट बनाते हुए उसका उपयोग किया जाने लगा। कोनी में भी यही हो रहा है। दरअसल स्मार्ट सिटी द्वार 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। दावा है कि मार्च 2025 तक इसके पूर्ण हो जाने पर इसके जरिए 25 एमएलडी गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

### एसटीपी तैयार लेकिन नाली नहीं बन सकी

साल 2021 में एसटीपी निर्माण के लिए 9.04 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी। यह काम 7.03 करोड़ में पूरा भी हो गया लेकिन एसटीपी चालू तभी हो सकता था जब गंदा पानी वहां तक लाया जाए। इसके लिए नाली बनानी जरूरी थी जो अभी तक नहीं बन सकी है। कोनी और तुर्काडीह क्षेत्र की कम से कम चार नालियों का गंदा पानी अब भी सीधे अरपा में गिर रहा है। अधिकारियों का दावा है कि यह सड़क जो 22 करोड़ में बनी है वह मास्टर प्लान में प्रस्तावित थी, इसलिए निर्माण हो रहा है।

### ढाई साल में ना सड़क बनी ना रिटेनिंग वॉल

कोनी में जो एसटीपी बना है उसमें बिरकोना, सेंट्रल यूनिवर्सिटी और आसपास के नाले से होकर नदी में पहुंचने वाले गंदे पानी को उपचारित किया जाना है। इसके लिए 1900 मीटर की सड़क बनाई जा रही है। इसके साथ ही एक तरफ नाली और नदी की तरफ रिटेनिंग वाल बन रहा है, जिससे की नदी का पानी सड़क तक नहीं पहुंचे। इसका काम अक्टूबर 2022 में शुरू हुआ था जो अभी तक अधूरा है। नाली का काम 700 मीटर हो सका है तो रिटेनिंग वाल करीब 1100 मीटर तक ही बन सकी है। सड़क 1700 मीटर तक तो बन चुकी है लेकिन इसका डामरीकरण और दूसरे काम बाकी है।

### मौके पर मिले सिर्फ चार मजदूर

हरिभूमि की टीम जब मौके पर पहुंची तो काम कछुआ गति से चलता पाया गया। इतने बड़े काम के लिए सिर्फ 4 मजदूर काम करते दिखाई दिए। एक मजदूर ने बताया कि जिस गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को इसका काम मिला है उसके कई और प्रोजेक्ट शहर के साथ प्रदेश में चल रहे हैं। इसलिए मैन पावर कई महीनों से कम ही है। कभी भी तीन चार मजदूर से अधिक नहीं रहते। मजदूरों ने बताया कि महीनों से निर्माण सामग्री की कमी भी रहती है, इसलिए काम में देरी हो रही है। अधिकारी भी कम ही आते हैं ऐसे में प्रोजेक्ट लेट तो होगा ही।

### असमाजिक तत्वों का अड्डा

फिलहाल यह पूरा एरिया असमाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम ढलते ही मजदूरों का काम करना मुश्किल हो जाता है। शराबखोरी, जुआ सट्टा होता है तो यह लोग पत्थर भी मारते हैं। इससे मजदूर घायल भी हो चुके हैं। हाल यह है कि शाम 4 बजे के बाद काम बंद करना पड़ता है। इसके बाद यह असमाजिक तत्व सीमेंट, गिट्टी और लोहे के सामानों की चोरी करके ले जाते हैं। मजदूरों के साथ ही सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत भी की है लेकिन ना तो पुलिस और ना ही स्मार्ट सिटी के अधिकारी इस तरफ ध्यान दे रहे हैं।

### बारिश के बाद पूरा किया जाएगा

बिलासा ताल के सामने कोनी क्षेत्र में 22 करोड़ रुपए में स्मार्ट सिटी की ओर से 1900 किमी की सड़क और नाला निर्माण किया जा रहा है। नया बजट स्वीकृत कराते हुए इस सड़क को एक तरफ शिवघाट बैराज और दूसरी तरफ तुर्काडीह पुल से जोड़ा जाएगा। कार्य अंतिम चरणों में है और बारिश के बाद इसे पूरा कर लिया जाएगा।

**- राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर, नगर निगम


दुर्घटना के बाद जब्त की गई कार।

# डाक्टर की कार से स्कूटी की टक्कर, पत्रकार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आबकारी कार्यालय चौक के नजदीक हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पोर्टल पत्रकार उपेन्द्र शुक्ला की मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह 10 बजे उपेन्द्र अपनी सहयोगी आंचल यादव को निजी अस्पताल छोड़ने जा रहे थे, उसी दौरान तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। खास बात यह है कि जिस वेगनआर कार से हादसा हुआ है, उसे जिला अस्पताल के संविदा डाक्टर के एल उरांव चला रहे थे। पुलिस ने आरोपी डाक्टर को गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया है।


मृतक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उपेंद्र शुक्ला शुक्रवार की सुबह अपनी इलेक्ट्रिकल स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीवी 7372 से संजीवनी अस्पताल जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ सहयोगी आंचल यादव भी साथ थीं। वे अपनी स्कूटी से आबकारी कार्यालय चौक के पास पहुंचे थे, उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही वैगनआर कार क्रमांक सीजी 04 एमटी 4004 के चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद उपेन्द्र और आंचल जमीन पर गिर गए, उपेन्द्र को सिर पर चोट लगी और नाक और मुंह से खून निकलने लगा। आसपास के लोगों ने 108 को सूचना दी, पुलिस की सहायत से उन्हें संजीवनी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां एक्सीडेंटल केस लेने से मना कर दिया गया, जिसके बाद उन्हें श्रीराम केयर अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डाक्टर को गिरफ्तार किया गया

हादसे की जानकारी होने के बाद टीम को भेजी गई थी, मौके से कार बरामद की गई है। घायलों को अस्पताल भेजवा गया है। हादसे में उपेन्द्र शुक्ला की मौत हो गई है। डाक्टर को गिरफ्तार किया गया है।

**- सुम्मत साहू,** टीआई, सिविल लाइन

### चालक डॉक्टर है रेडियोलॉजिस्ट

जानकारी के अनुसार दुर्घटनाकारी कार के चालक डॉ. के एल उरांव 66 वर्षीय जिला हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट संविदा के पद पर कार्यरत है। वे वैगनआर से गढ़कलेवा के पास पहुंचे थे और राजेन्द्र नगर चौक की तरफ बढ़ रहे थे। इस दौरान अस्थाई बेरिकेड से मोड़ते समय उनकी गाड़ी से नियंत्रण समाप्त हो गया और ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब जाने के कारण सामने से आ रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पत्रकार उपेन्द्र शुक्ला की मौत हो गई, हादसे में आंचल को भी चोट आई है।

## एयू में भारत की प्रतिरक्षा शक्ति अनुभव व भविष्य विषय पर व्याख्यान

# आपरेशन सिंदूर सेना की इच्छाशक्ति, राष्ट्र के आत्मबल को दर्शाने वाला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र की आत्मबल को दर्शाने वाला एक गौरवशाली अध्याय है। यह आपरेशन न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था बल्कि इससे पूरे राष्ट्र का मनोबल भी सुदृढ़ हुआ। आधुनिक समय में युद्ध की तकनीक बदलती जा रही है, अब एआई तकनीक अपनाने और रक्षा बजट बढ़ाने की आवश्यकता है।

ये बातें जनरल आफिसर कमांडिग मध्य भारत जबलपुर के लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत ने अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित भारत की प्रतिरक्षा



शक्तिः अनुभव और भविष्य विषय पर आयोजित व्याख्यान में कहीं। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने गलवान घाटी में किए गए युद्ध की चर्चा करते हुए बताया कि यह युद्ध पत्थर और लाठी-डंडों से लड़ा था, जिसमें हमने चीन की सेना को अपनी सीमा से खदेड़ दिया था। वर्तमान समय में विश्व में जिस तरीके से युद्ध करने के तकनीक में परिवर्तन हो रहा है उसके लिए नवीनतम एआई तकनीक अपनाने की जरूरत है और इसके लिए रक्षा बजट में वृद्धि की आवश्यकता है ताकि भविष्य में युद्ध में लड़ने के लिए हथियारों के लिए अधिक से अधिक रक्षा पर खर्च किया जा सकेगा।

उन्होंने आपरेशन सिंदूर के बारे में बताया कि यह अभियान भारतीय सेना की दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र की आत्मबल को दर्शाने वाला एक गौरवशाली अध्याय है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था बल्कि इससे पूरे राष्ट्र का मनोबल भी सुदृढ़ हुआ। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने भारत की सैन्य शक्ति उसके ऐतिहासिक अनुभवों और भविष्य की तैयारियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया तथा वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की सैन्य भूमिका पर विचार साझा किया।

### सेना ने उत्तरोत्तर तकनीकि प्रगति की

लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत ने आजादी के पश्चात देश की सेना ने किस प्रकार प्रगति किया उस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1948 में भारत और पाकिस्तान का प्रथम युद्ध हुआ, उस समय भारत की सेना तकनीकी रूप से उतनी मजबूत नहीं थी। अपने 1962 एवं 1965 के भारत और चीन के साथ हुए युद्ध की भी चर्चा करते हुए बताया कि इस युद्ध ने भारतीय सेना को बहुत कुछ सिखाया, जिसका परिणाम 1971 के भारत और पाकिस्तान के युद्ध में दिखा। इसमें भारतीय सेना ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को दो देशों में विभक्त कर दिया। उन्होंने कारगिल युद्ध की चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह से दुश्मन देश ने हमारे सीमा पर स्थित चोटियों पर कब्जा किया था और उनके कब्जे से भारतीय सेना ने उनसे मुक्त कराया। उस समय के तात्कालिन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे, उनके ही नेतृत्व में भारत परमाणु शक्ति संपन्न देश बना।

### कुलपति ने सनातन परंपरा को सैन्य परंपरा से जोड़ा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने भारत की सनातन परंपरा को सैन्य परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि भारत आज भी अपनी मूल आत्मा और उद्देश्य के साथ कार्य कर रहा है। भारत की सैन्य शक्ति न केवल सशक्त हो रही है बल्कि तकनीकी रूप से भी आधुनिकता की ओर अग्रसर है। प्राचीन समय से ही भारत किसी भी देश की सीमा पर आक्रमण नहीं किया है। लेकिन अगर उसके सीमा पर किसी ने आक्रमण किया है तो उसका करारा जवाब दिया है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एचएस होता ने कहा कि यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक अनूठा प्रयास है जिसमें देश के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर जनरल शेखावत ने यूनिवर्सिटी के गार्डन में एक पेड़ मां के नाम पौधा भी लगाया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रण डॉ. तरूणधर दीवान, सह-संयोजक डॉ. मनोज सिन्हा, जीडीसी की एनसीसी अधिकारी अर्चना पाण्डेय सहित यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खराब परीक्षा परिणाम को लेकर एयू पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ता

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित बीकॉम और एमकॉम के खराब परीक्षा परिणाम को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग पहुंचे थे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में असिस्टेंट रजिस्ट्रार परीक्षा रामेश्वर राठौर को ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना है कि अटल यूनिवर्सिटी के अधीन समस्त कालेजों के बीकॉम, एमकॉम तथा अन्य पाठयक्रमों के हाल ही में घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी सामने आई है। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को वास्तविक उपस्थिति के बावजूद अनुपस्थित दिखा दिया गया है और प्राप्तांकों का स्तर असामान्य रूप से कम है। उन्होंने यूनिवर्सिटी से अविलंब समूची मूल्यांकन प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रत्येक असंतुष्ट विद्यार्थी के लिए निः शुल्क पुनर्मूल्यांकन या पुनः परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने तथा भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी और उत्तरदायी परीक्षा नीति लागू करने की मांग की है। यूनिवर्सिटी पहुचने वालों में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, फरहान खान, उमर अहमद, मनीष कमलेश, मोनू मोहनिश आदि शामिल थे।

### 5 दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर

**बिलासपुर।** वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थाना अरपा पुल के पास नेहरू चौक में 20 जुलाई तक 5 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में सभी प्रकार के वातरोग जिनमें लकवा, गठियावात, कंधे-घुटने-गर्दन कमर दर्द आदि, मधुमेह, स्त्रियों के मासिक धर्म संबंधी रोग, मुंहासे, बाल-झड़ना, बच्चों को बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी, बुखार, भूख न लगना, वजन न बढ़ना एवं मलहार के रोग जैसे पाईल्स, फिशर , फिस्टुला की निशुल्क जांच एवं चिकित्सा की जा रही है। शिविर में सभी जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क औषधि भी प्रदान की जाएगी। इस शिविर में डॉ मनोहर टेक चंदानी, डॉ विभव शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा विजेवर विशेषज्ञ डी किरुण वर्षा, डॉ मोनिका शर्मा, डॉ चंचला तिवारी,डॉ. मनोज चौकसे अपनी सेवा समय-समय पर देंगे।

### डायल 112 वाहन में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र के सेंदरी बस स्टैंड में एक गर्भवती महिला के लिए डायल 112 वरदान साबित हुई। प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को घर से अस्पताल ले जाने के दौरान तेज दर्द से परेशान होना पड़ा। महिला को उनके परिजनों के साथ वाहन में अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में प्रसव पीड़ा होने से वाहन को रोका गया और डायल-112 के आरक्षक जीतेन्द्र यादव चालक गौकरण साहू द्वारा तत्काल डिलीवरी कराई गई। परिजनों की सहायता से गाड़ी में ही सुरक्षित डिलवरी कराई गई। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निधन

### प्रभावती डेविड सिंह



**बिलासपुर।** ओमनगर जरहाभाटा निवासी प्रभावती डेविड सिंह का 18 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जुलाई की सुबह 10.30 बजे सिन्धी कालोनी स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे रत्नराज सिंह, संगीता सिंह, स्मिता बक्श एवं निवेदिता ए लाल की माता थीं।

### सायरा बेगम



**बिलासपुर।** श्रीमती सायरा बेगम का 17 जुलाई को निधन हो गया। उन्हें 18 जुलाई को मरीमाई कब्रस्तान में बाद नमाज जुमा सुपुर्दे खाक किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### हनुक लाल



**करगी रोड कोटा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अधिवक्ता हरीश लाल के पिता हनुक लाल का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शनिवार को 3 बजे मसीह कब्रिस्तान कोटा में किया जाएगा। वे हेराल्ड लाल, हरीश लाल, हैमिल्टन लाल एवं लाल मैडम के पिता, अधिवक्ता अर्पित लाल एवं अधिवक्ता आयुष लाल के दादा थे।

### लालाराम छोटे लाल देवांगन



**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम सेतगंगा निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लालाराम छोटे लाल देवांगन का 86 वर्ष की उम्र में 16 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे संतोष देवांगन, उमाशंकर देवांगन, जनक देवांगन, रविंद्र देवांगन के पिता जी थे। उनकी अंतिम यात्र 17 जुलाई को दोपहर 1 बजे निज निवास सेतगंगा मुक्तिधाम में किया गया।

### ज्योति मिश्रा



**बिलासपुर।** कश्यप कालोनी, गली क्रमांक तीन निवासी ज्योति मिश्रा पति आनंद मिश्रा मुरता वाले (45)का निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार कृष्ण चंद्र मिश्रा, राम चंद्र मिश्रा की बहू और अवनी मिश्रा की मां थीं।

---

**हजारों किताबें भी पहुंची** नोटिस से लेकर कॉपी जांचने की आदर्श उत्तर पुस्तिकाएं भी अंग्रेजी में नहीं

# सैकड़ों सरकारी स्कूल अंग्रेजी वाले, पर सिलेबस हिंदी में, अब पढ़ने और पढ़ाने में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रदेश के बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम और सीबीएसई पैर्टन के तरीके से पढ़ाई करवाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस वर्ष सिलेबस अपडेट किया गया है। इसमें सीबीएसई पैर्टन की तर्ज पर सिलेबस तैयार किया गया है, लेकिन विभाग ने इसे अंग्रेजी की जगह हिंदी में ही जारी कर दिया है। अब इंग्लिश मीडियम में पढ़ाने वाले शिक्षकों को सिलेबस की हिंदी ही समझ में नहीं आ रही है।

यही नहीं स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की पढ़ाई प्राथमिक से लेकर उच्चतर तक अंग्रेजी माध्यम में हुई है। उन्हें इस सिलेबस में मौजूद हिंदी भी समझ में नहीं आ रही हैं तो ऐसे में वो छात्रों को क्या पढ़ाएंगे। जानकारी के मुताबिक 11वीं और 12वीं के सिलेबस में सेजेस के लिए कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक का सिलेबस भी हिंदी में जारी हुआ है। स्वामी आत्मानंद स्कूल और पीएम श्री स्कूल बनाने के बाद भी आज तक स्कूलों में सारा कार्य हिंदी में ही किए जा रहे हैं। आदेश हो या फिर कोई सूचना सभी हिंदी में ही जारी होते हैं। पूरा सेटअप अंग्रेजी माध्यम का होने के बाद भी आज तक इन स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में नहीं बदला जा सका है।

यहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक बड़े-बड़े प्राइवेट और सीबीएसई स्कूलों में पढ़ा कर आए हैं। उन्हें विभाग की शुद्ध हिंदी समझने में काफी परेशानी होती है। बावजूद स्कूलों में इंग्लिश मीडियम के सिलेबस को हिंदी में जारी किया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि सत्र शुरू होने के बाद भी अभी तक प्रदेश के कई स्कूलों में अब तक किताबें भी नहीं पहुंच सकी है।

### अपडेट सिलेबस में सीबीएसई पैर्टन पर पढ़ा

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने बताया कि इस साल सिलेबस को अपडेट किया गया है। सीबीएसई पैर्टन की तरह सिलेबस तैयार किए गए हैं लेकिन सब कुछ हिंदी में है। अंग्रेजी माध्यम में शुरू से पढ़ने वाले ये शिक्षक बच्चों को हिंदी सिलेबस से कैसे पढ़ाएंगे? ध्यान रहे कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों को खोलने के बाद जब शिक्षकों की भर्ती की जा रही थी, तब उस वक्त विभाग ने सबसे पहली शर्त यह रखी थी कि अभ्यर्थियों को प्राथमिक से लेकर उच्चतर स्तर की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में करनी होगी।

### यह है 12वीं गणित का सिलेबस

समाकलन : भूमिका, समाकलन को अवकलन के व्युत्क्रम प्रक्रम के रूप में, अनिश्चित समाकलनों के कुछ गुणधर्म, समाकलन की विधियाँ, प्रतिस्थापन द्वारा समाकलन, त्रिकोणमितीय सर्व-समिकाओं के उपयोग द्वारा समाकलन, कुछ विशिष्ट फलनों के समाकलन, आंशिक भिन्नों द्वारा समाकलन, खंडशः समाकलन, फे (फ(एक्स) + एफ (एक्स)) एएक्स के प्रकार का समाकलन कुछ अन्य प्रकार के समाकलन, निश्चित समाकलन, कलन की आधारभूत प्रमेय क्षेत्रफल फलन, प्रमेय - 1 समाकलन गणित की प्रथम आधारभूत प्रमेय, समाकलन गणित की द्वितीय आधारभूत प्रमेय । प्रतिस्थापन द्वारा निश्चित समाकलनों का मान ज्ञात करना, निश्चित समाकलनों के कुछ गुणधर्म।

### आव्यूह, सारणिक, सांतत्य ने किया परेशान

कक्षा 12वीं के गणित के सिलेबस में जिन हिंदी शब्दों का प्रयोग किया गया है, उन्हें अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक आसानी से नहीं समझ पा रहे हैं। इनमें आव्यूह, सारणिक, सांतत्य तथा अवकलनीयता, अवकलज के अनुप्रयोग जैसे शब्द शामिल हैं। अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों ने बताया कि इन्हें समझने में काफी कठिनाई होती है। हिंदी माध्यम के शिक्षकों से मदद लेनी पड़ रही है।

### अपडेट किया गया है सिलेबस

इस साल सिलेबस को अपडेट किया गया है। सीबीएसई पैर्टन की तरह सिलेबस तैयार किए गए हैं। उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। सिर्फ ब्लू प्रिंट में बदलाव हुआ है।

**- विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

फदहाखार में ढ़ाई करोड़ से निर्माण की चल रही योजना

# 60 लाख के लिए रूक गया नगर वन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



केन्द्र शासन की नगर वन की योजना के तहत करीब ढ़ाई करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर वन मंडल ने फदहाखार में काम की शुरुआत कर दी थी। इसमें कुछ कार्यो के लिए डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें कार्य भी हुए। इसके बाद 60 लाख रुपए नहीं मिलने की वजह से काम को अचानक रोक दिया गया है।

बिलासपुर वन मंडल में एक फदहाखार का क्षेत्र बचा हुआ है, जो डिवीजन का सबसे बड़ा जंगल माना जाता है। इस एरिया को रिजर्व फारेस्ट घोषित कर रखा गया है, लेकिन रिजर्व फारेस्ट में अनगिनत लोगों ने पक्के मकान और दुकान बनाकर बेजा कब्जा करके रखा हुआ है। विभाग के स्टाफ और अफसर जब बेजाकब्जा को हटाने के लिए मौके पर पहुंचते हैं तो किसी न किसी राजनीतिक दबाव के कारण उन्हें कार्रवाई बीच में रोककर मायूस ही वापस लौटना पड़ रहा है। फदहाखार के जंगल को बचाने के लिए बिलासपुर वन मंडल ने नगर वन बनाने का काम शुरू कर दिया है। यह प्रोजेक्ट पर्यावरण वन मंत्रालय का है, जिसमें स्वच्छ भारत अभियान के तहत इसे तैयार करने की योजना बनाई गई थी। केन्द्र ने राज्य से सभी वन मंडल को जगह चिन्हिंत करने के लिए आदेश दिया था, जिसके तहत बिलासपुर वन वृत्त में नगर वन के लिए केवल बिलासपुर और कोरबा वन मंडल का चयन किया गया। बिलासपुर वन मंडल में फदहाखार के 100 हेक्टेयर पर नगर वन निर्माण को विकसित करने का काम शुरु किया गया। यहां 60 हेक्टेयर के क्षेत्र में केवल पार्क बनाने का काम किया गया है, जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, फिसलपट्टी और गार्डन, गार्डन में फूलदार और शोभादार पौधों की हरियाली भी लगाई गई है। करीब ढ़ाई करोड़ रुपए की लागत से फदहाखार में नगर वन का काम 60 से 70 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में काफी कार्य बचे हुए हैं, जिसके लिए राशि सेंक्शन नहीं होने के कारण काम अधूरा छोड़ दिया गया है।

### सायकल व मार्निंग वॉक के लिए अलग ट्रैक

नगर वन में सायकल व मार्निंग वॉक के लिए तीन-तीन किलोमीटर का अलग-अलग ट्रैक बनाया जा रहा है। यह पहला उद्यान है, जहां सैलानियों को सायकल से भ्रमण करने का आनंद मिलेगा। हरियाली के बीच भ्रमण से लोग स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। वैसे भी जिस गति से आबादी बढ़ने लगी है, उससे नगर के उद्यान भी छोटे और लोगों के लिए कम पड़ते जा रहे हैं।

### यह कार्य अभी भी बाकी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फदहाखार में नगर वन बनाने के लिए ढ़ाई करोड़ रुपए की राशि दो भागों में विभाजित की गई है। इसके लिए 1 करोड़ 90 लाख रुपए की राशि सेंक्शन होने के बाद कुछ कार्यो को पूरा कर दिया गया है। वहीं वर्तमान में पार्किंग, टिकिट घर, पाथवे, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कारपेट ग्रास, पानी टंकी सहित अन्य कार्य बचे हुए हैं। इसके लिए बची हुई 60 लाख की राशि का इंतजार किया जा रहा है।

### अतिक्रमण पर लगेगा अंकुश

नगर वन के लिए फदहाखार को चयनित करने के पीछे वन विभाग का उद्देश्य इस रिजर्व फारेस्ट को अतिक्रमणकारियों से बचाना, आक्सीजोन, हरियाली के बीच पिकनिक स्पॉट, पर्यावरण को बढ़ावा देना भी है। 280 हेक्टेयर के इस क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण की कोशिश होती है। इस क्षेत्र में 25 से 30 हेक्टेयर पर पहले से अवैध कब्जे हैं। इसे हटा पाना वन विभाग के बस से बाहर हो गया है। नगर वन बनने के बाद बचे हुए क्षेत्र सुरक्षित हो जाएंगे।

### कुछ राशि बाकी है

फदहाखार में नगर वन बनाने का काम जोर शोर से किया जा रहा है, जहां जल्द ही लोगों को एक नई सुविधा मिलेगी। यहां कुछ कार्यो को पूरा भी कर दिया गया है। वर्तमान में वहां जो बचे हुए कार्य हैं, उसके लिए राशि आनी बाकी है। इसके बावजूद मौके पर काम नहीं रोका गया है।

**-विपुल अग्रवाल,** डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

---

# अब शराब के खाली कार्टूनों की बिक्री के टेंडर आनलाइन होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब की बिक्री होने व पेटी खाली हो जाने के बाद गोदामों में डंप कार्टूनों की बिक्री के लिए अब टेंडर की प्रक्रिया ऑनलाईन की जाएगी। इससे पहले तक यह सारी प्रक्रिया मैनुअली होती थी, जिसमें विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते रहे हैं। एमएसटीसी के जरिए होने वाली टेंडर की प्रक्रिया पूरी तरह खुली होगी, जिसमें कोई भी हिस्सा लेकर आबकारी विभाग के नियमों के अनुसार टेंडर प्राप्त कर सकेगा।

■ पारदर्शिता के मद्देनजर आबकारी विभाग का निर्णय

शराब की बिक्री हो जाने के बाद खाली हो चुकी पेटी को बेचने आबकारी विभाग ने इस वित्तीय वर्ष से अपनी नीति में बदलाव किया है। कार्टूनों की खरीदी-बिक्री के लिए होने वाली नीलामी के लिए टेंडर प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाईन होगी। टेंडर की प्रक्रिया मेटल स्क्रेप ट्रेड कार्पोरेशन लिमिटेड एमएसटीसी के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसके अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा सिर्फ टेंडर डालने वालों के लिए पात्रता के नियम तैयार किए जाएंगे, जिसके अंतर्गत सारे पात्र व्यक्ति शामिल हो सकेंगे। टेंडर डालने वाले व्यक्तियों में से किसे इसका ठेका दिया जाना है, यह एमएसटीसी तय करेगी। इसमें आबकारी विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा। खाली कार्टूनों के ऑनलाईन टेंडर प्रदेश में अब तक रायपुर व दुर्ग में किए जाते रहे हैं, लेकिन बिलासपुर जिले में यह व्यवस्था पहली बार की जा रही है।

### कुछ लोगों का हो गया था एकाधिकार

आबकारी विभाग से शराब के खाली कार्टूनों की खरीदी-बिक्री के काम में कुछ लोगों का एकाधिकार हो गया था। चूंकि टेंडर पूरी तरह मैनुअली होता था, जिससे 90 प्रतिशत लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती थी, जिससे वे टेंडर की प्रक्रिया में शामिल ही नहीं हो पाते थे। अब टेंडर ऑनलाईन पद्धति से होने के कारण प्रदेश के किसी भी हिस्से से इच्छुक लोग न केवल इसमें शामिल हो सकेंगे, बल्कि शासन को भी इससे लाभ होगा।

### पारदर्शी होगी प्रक्रिया

वित्तीय वर्ष 2025-26 से शराब के खाली कार्टूनों की बिक्री के टेंडर की प्रक्रिया एमएसटीसी के जरिए ऑनलाईन पद्धति से पूरी की जाएगी। अब तक यह मैनुअली होता था, जिससे काफी लोग इसमें शामिल होने से वंचित रह जाते थे। अब इसमें अधिक से अधिक लोग शामिल हो सकेंगे। टेंडर की प्रक्रिया में बदलाव के पीछे एकमात्र कारण पारदर्शिता है।

**-नवनीत तिवारी**, सहायक आयुक्त आबकारी

---

# व्यापमं के परीक्षा केन्द्रों में लगेंगे जैमर, पहुंचे सुरक्षा उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों के लिए नए सिरे से दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश आगामी 20 जुलाई को होने वाले सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा से लागू होंगे।

व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विज्ञान महाविद्यालय सरकंडा में परीक्षा के नए नियमों की जानकारी देने केंद्राध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जहां अपर कलेक्टर एसएस दुबे और व्यापम के नोडल अधिकारी अरुण कुमार खलखो ने व्यापम द्वारा जारी नए नियमों की जानकारी देते हुए केंद्रों में नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। इस बार व्यापम द्वारा सभी परीक्षा कक्ष में जैमर लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि परीक्षा में नकल की किसी भी तरह की संभावना को रोका जा सके। व्यापम के निर्देशों के अनुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 20 जुलाई को होने वाली सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा के लिए केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो सकें। इसटी बार इन इंतजामों में जैमर की व्यवस्था भी शामिल हैं। जो परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का उपयोग रोकने में मदद करेगा। इससे परीक्षार्थी नकल या अन्य अनियमितताओं में शामिल नहीं हो पायेंगे। व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन के लिए केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण सत्र विज्ञान महाविद्यालय सरकंडा में आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी अरुण कुमार खलखो ने बताया कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों के हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा मैनुअल पैट डाउन हाथों से तलाशी फ्रिसकिंग की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी यह कार्य करेंगे। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिसकिंग का कार्य महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा शुरू होने के बाद पुलिस कर्मी में से एक-एक पुलिस कर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र के परिसर एवं परीक्षा केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहेंगे, ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की कि है कि वे सभी नियमों को भली भांति समझ लें, ताकि केंद्र में उन्हें कोई समस्या न हो।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 29 से

**बिलासपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में सत्र 2026-27 के लिए चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 29 जुलाई से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को होगी। ऑनलाइन आवेदन एवं अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट navodaya.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है एवं वह जिले के किसी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो। अभ्यर्थी का जन्म 01.05.2014 से पहले तथा 31.07.2016 के बीच का होना चाहिए। अभ्यर्थी यदि कक्षा 3, 4 व 5वीं में से किसी भी कक्षा में शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत रहता है तो वह शहरी क्षेत्र का अभ्यर्थी माना जाएगा।

---

सर्वे में पता चलेगा सीवरेज का कितना काम अधूरा

# नागपुर की कंपनी करेगी सीवरेज का जीपीआर सर्वे

**बिलासपुर।** एक दशक से अधूरी पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का नगर निगम ने जीपीआर सर्वे कराने का निर्णय लिया है और इसका टेंडर नागपुर की एमनेक नामक कंपनी को मिला है। नगर निगम द्वारा ठेका कंपनी को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत जमीन के नीचे कितना काम हुआ है और कितना कार्य बाकी है इसका जीपीआर सर्वे से पता चलेगा।



अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का अधूरा काम होने की वजह से जमीन के नीचे कितनी पाइप लाइन बिछाई गई तथा कितने जगह पाइप लाइन बिछाना बाकी है इसके लिए नगर निगम ने शहर में अधूरी पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज परियोजना का जीपीआर सर्वे कराने का निर्णय लिया है। जीपीआर सर्वे के लिए निगम द्वारा टेंडर निकाला गया था, जिसमें सर्वे कार्य का ठेका लेने बाहर की दो कंपनी सामने आई। टेंडर खुलने के बाद नागपुर की एमनेक नामक कंपनी का रेट एप्रुवल हुआ है और निगम द्वारा वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। जीपीआर सर्वे का ठेका कुल 29 लाख 75 हजार रुपए में हुआ है और ठेका कंपनी को 6 माह में सर्वे कार्य पूरा करना है।

### काम जस का तस बदलते रहे इंजीनियर

अंडरग्राउंड सीवरेज का काम पिछले दो-ढाई साल से बंद है। ठेका कंपनी सिंप्लेक्स द्वारा शहर में कहीं पर काम ही नहीं किया जा रहा है और शहर में सीवरेज का काम अधूरा पड़ा हुआ है। ठेका कंपनी और निगम के बीच पिछला बकाया बिल को लेकर भी काफी समय तक विवाद चलता रहा, जिसके कारण काम बंद रहा। इस दौरान सीवरेज प्रोजेक्ट का काम लंबे समय से निगम में काम देख रहे इंजीनियर सुरेश बरूआ का कोरबा नगर निगम तबादला हो गया, उसकी जगह पर निगम ने इंजीनियर प्रमोद दुबे को सीवरेज सेल की जिम्मेदारी दी, किन्तु कुछ महिनों बाद उनका भी तबादला नगर निगम अंबिकापुर हो गया। वर्तमान में कार्यपालन अभियंता एसपी साहू सीवरेज सेल का काम देख रहे हैं।

### करा रहे हैं सर्वे

शहर में बंद पड़े सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे करा रहे हैं। इसके लिए दो कंपनियों का टेंडर आया था और रेट एप्रुवल के बाद जीपीआर सर्वे के लिए नागपुर की कंपनी को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। इस सर्वे से अंडरग्राउंड सीवरेज का काम जमीन के भीतर कितना हुआ है और कितना बाकी है इसका पता चल सकेगा।

**-एसपी साहू,** प्रभारी सीवरेज सेल नगर निगम

---

## एजुकेशन प्लस

### एलसीआईटी में कार्यशाला



**बिलासपुर।** लख्मीचंद इंस्टीट्यूट फार्मेसी के छात्रों के लिए सामान्य क्लिनिकल टेस्ट स्किल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय पर संस्था के प्रध्यापकों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न क्लिनिकल टेस्ट जैसे बॉडी टेंपरेचर, बॉडी मास इंडेक्स, ब्लड प्रेशर, आक्सीजन लेवल, ब्लड ग्रुप, हार्ट रेट, ब्लीडिंग टाइम एवं क्लोटिंग टाइम निकालने की विधि सिखाई। इसके उपरांत छात्रों ने ग्रुप बनाकर इन सभी क्लिनिकल टेस्ट को परफार्म कर एक दूसरे का रिपोर्ट कार्ड बनाया। कार्यशाला में संस्थान के 100 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिन्हें अंत में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यशाला को संपन्न करने में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर संदीप गुप्ता, डॉ. रितेश जैन एवं संस्था के शिक्षक डॉ.मोनिका, पंकज कुमार, प्रवीण साहू, निशा शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में डेंटल कैंप

**बिलासपुर।** गुरुवार को लिटिल मिलेनियम स्कूल सरकंडा में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के मुख की जांच कर उनकी समस्याओं एवं समाधान से अभिभावकों को अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य अंजली ने सुनिश्चित किया कि बच्चों की ओरल हेल्थ रिपोर्ट पैरेंट्स तक पहुंचे। इसमें वाईस टूथ डेंटल क्लिनिक की डायरेक्टर और शिशु दंत चिकित्सक ने डॉ. चिन्मयी ने सेवा प्रदान की।

### शहर बन रहा नया नर्सिंग ट्रेनिंग हब



**बिलासपुर।** मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल मार्क हॉस्पिटल अब नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अंतर्गत संचालित मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग छात्राओं को नर्सिंग में उन्नत एवं व्यावहारिक शिक्षा देने हेतु प्रतिबद्ध है।

संस्थान की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य बिरकोना में प्रगति पर है। यह नया परिसर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें आधुनिक प्रयोगशालाएं लैब्स, आधुनिक लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम एवं क्वालिटी हेल्थकेयर एजुकेशन के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। संस्थान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मार्क हॉस्पिटल के 100 बिस्तरों वाले मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल व शासकीय अस्पतालो से जुड़ा हुआ है, जिससे विद्यार्थियों को नियमित रूप से क्लीनिकल ट्रेनिंग का सीधा अवसर प्राप्त होता है। यह प्रशिक्षण इंडियन नर्सिंग काउंसिल व छत्तीसगढ़ गवर्नमेंट के सभी मानकों पर खरा है। मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अनुभवी और समर्पित नर्सिंग शिक्षिकाएं कार्यरत हैं, जो छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नैतिक, व्यावहारिक एवं अकादमिक रूप से सशक्त बनाती हैं। मार्क हॉस्पिटल पिछले एक दशक से भी अधिक समय से ऑर्थो, न्यूरो, कार्डियक एवं जनरल मेडिसिन में बेहतरीन सेवाएं दे रहा है।

बिजनेस प्लस

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये




इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW • MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS • MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
B.Sc (Nursing)

Afft. to IGKV Raipur
B.Tech. Agricultural
B.Sc. Agricultural



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

www.bhartiuniversity.org  bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

बिलासपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025
# हरिभूमि लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



उत्सव

## आठवें गुरु श्री गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व आज



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में सिख धर्म के आठवे गुरु श्री गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व शनिवार को बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाएगा। जिसमें गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से तीन दिवस कीर्तन समागम का आयोजन किया गया है, जिसमें विशेष तौर से सुरेंदर सिंह सहज लुधियाना वाले द्वारा नीता प्रति सुबह एवं शाम कीर्तन दरबार सजाया जा रहा है,सिख धर्म के आठवें गुरु गुरु हरकृष्ण साहिब सबसे कम आयु के गुरु थे। जिन्होंने 5 साल की उम्र में ही गुरु गद्दी संभाली उन्होंने रोगियों के कई रोग कष्ट दूर किये जिसके कारण उनका दुख निवारण दाता भी कहा जाता है। इसी तारतम्य में पंजाबी सेवा समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं आयुष्मान कार्ड शिविर दयालबंद गुरुद्वारा में लगाया जा रहा है, विगत 34 सालों से धार्मिक सामाजिक कार्यों का आयोजन करती आई है। इस साल स्वास्थ सेवा का आयोजन कर रही है, गुरु पर्व के दिन पंजाबी सेवा समिति ने स्वास्थ्य एवं आयुष्मान शिविर का आयोजन कर रहा है जिसमें लाइफ केयर हॉस्पिटल के डाक्टरों के द्वारा निःशुल्क हृदय रोग न्यूरो और पेट संबंधी रोगों का इलाज किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य पंजाबी युवा समिति पंजाबी सेवा समिति, पंथ प्रचारक कमेटी खालसा सेवा समिति सहित अन्य का सहयोग है।



आयोजन

## जो काम दुआ कर सकती है वह काम दवा नहीं कर सकती



**बिलासपुर।** टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित सिपाही रक्षा सूत्र संकलन कार्यक्रम में बीएनआई साउथ के संस्थापक समाज सेवी किरण पाल चावला ने कहा की जो काम दुआ कर सकती है वह काम दवा नहीं कर सकती और जब भी किसी को शुद्ध मन से दुआएं दी जाएं तो वह दुआएं अवश्य पहुंचती है। जब बड़े बुजुर्ग आशीर्वाद देते हैं वह अपनी उम्र के एक ऐसे पड़ाव पर आ चुके होते हैं, जिन्हें अपने लिए कुछ नहीं चाहिए वह केवल देना जानते हैं तभी उनका आशीर्वाद लगता है। जिस तरह मां को कुछ भी नहीं चाहिए वह केवल बच्चों का कल्याण सोचकर बच्चों को दुआ व आशीर्वाद देती है। ऐसे ही शुद्ध भाव के साथ सिपाही रक्षा सूत्र संकलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यहां से जो रक्षा सूत्र हम जिन सिपाही भाइयों के लिए भेजते हैं जिनके चेहरे हमने कभी नहीं देखा, जिन्होंने हमें कभी नहीं देखा। हम सभी जानते हैं हम उस परमपिता परमात्मा की संतान है। वसुदेव कुटुंबकम की भावना से जब एक दूसरे को शुद्ध भाव से कोई भावनाएं भेजते हैं तो वह भावना सही मायने में पहुंचती है। जिसे साइंस में टेलीपैथी भी कहा जाता है, जब आप किसी को सच्चे दिल से याद करते तो वह भावनाएं भी पहुंचती है। ब्रह्माकुमारीज के मुख्य सेवा केंद्र राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का स्थान सबसे अधिक महत्वपूर्ण व सर्वोत्तम है, परन्तु आज यह देखा जाता है कि समय की बदलती धाराओं के साथ-साथ हमारे त्यौहारों में उपवास, व्रत आदि नियमों का महत्व कम होता जा रहा है। इसका कारण यह है कि दिनोदिन पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है।

कार्यक्रम

## सावन सुंदरी का खिताब मिला ममता को



**बिलासपुर।** श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता महिला मण्डल ने शुक्रवार को करबला स्थित सामाजिक भवन में सावन क्वीन उत्सव का आयोजन किया। इसमें सभी सदस्यों ने हरे रंग की साड़ी के साथ सोलह श्रृंगार कर पहुंची और कई तरह के गेम का आनंद लिए। इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष मधु गुप्ता, सचिव बबली वीणा गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने किया। सावन सुंदरी का खिताब ममता गुप्ता को मिला और विशेष पुरुस्कार शैलेंद्री गुप्ता को दिया गया। सभी ने झूले का आनंद लिया और सावन के गीतों पर खूब झूमे। होस्ट की ओर से सीटिंग डांस प्रतियोगिता रखी गई। इसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सुषमा गुप्ता को प्रथम, रूपाली को द्वितीय, शारदा को तृतीय और रागिनी जगमोहन गुप्ता को चतुर्थ स्थान मिला। अन्य आकर्षक गेम्स भी खेले गए। ओके का पुरस्कार गुप्ता और पंचुअल्टी का पुरस्कार शोभा गुप्ता को मिला। निक्की गुप्ता कश्मीरी लड़की की वेश में अपना परफार्मेंस दिया। जिसे सभी ने काफी पसंद किया। आज के आयोजन की होस्ट सुधा, सुचित्रा साव, सुमन महेंद्र गुप्ता, उषा शाह, सीमा सुधीर गुप्ता, सविता, नारायणी, रेखा , रीमा, सरोज, शुभ्रा और सपना गुप्ता रहीं।

# राष्ट्र की परंपरा व मर्यादाएं रहती हैं अनंत काल तक : कुलश्रेष्ठ

प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक व लेखक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज किसी की तो कल और किसी की सरकार होगी। वे अपने अनुसार चलेंगे पर राष्ट्र की परंपरा व मर्यादाएं अनंत काल तक रहती है। इसे कोई तोड़ नहीं सकता है। पूजा कोई रोक नहीं सकता है।



### प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक व लेखक पुष्पेंद्र ने की पत्रकारों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री कुलश्रेष्ठ ने कहा कि इस देश में सब लोग बराबर है। सभी देश व कानून के अनुसार चलता है। उन्होंने कहा कि पिछले 70 सालों में एक ऐसा देश बनाया गया है जहां सब तरह के लोग रहते हैं। लोग अपना गिरजाघर, मस्जिद जा रहे हैं यह उनके आस्था का मामला है। इस बात में गहराई तक नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सनातनी हिंदू समाज फ्री का चीज लेना छोड़ दें तो वे अपनी मान्यताओं, परंपराओं की ओर आगे बढ़ना आरंभ कर देंगे। धर्मांतरण कोई शब्द नहीं है। धर्म का मतलब कर्त्तव्य होता है यानी एक पिता-पुत्र, पण्डित का कर्त्तव्य क्या हो सकता है? धर्मांतरण नहीं मतांतर हो सकता है। सब के लिए नियम बने हैं तो राम राज्य होना चाहिए पर ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर चीज के लिए सरकार पर निर्भर नहीं रहें। जो अपने में कमियां है उसे बदलें। विश्व का पहला देश है जहां सरकार के भरोसे घर से लेकर राज्य तक की समस्या हल कराते हैं। इसे बदलना होगा।

### गीता प्रेस गोरखपुर की दुकान का शुभारंभ

सी-26 श्री श्याम सदर सराफा मेन रोड सदर बाजार बिलासपुर में गीता प्रेस गोरखपुर की पुस्तक दुकान का शुभारंभ शुक्रवार को राष्ट्र चिंतक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ के मुख्य आतिथ्य, जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर के अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य एवं भगवताचार्य पं. दुर्गेश अमसेना की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर छ.ग. सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व छ.ग. चैंबर्स ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष कमल सोनी, व्यवस्थापक राजू शर्मा, संचालक प्रियंक सर्वण सोनी सहित सनातन धर्म ग्रंथ साहित्य सेवा समिति बिलासपुर के सदस्य एवं अन्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे।

### यश पैलेस व लखीराम ऑडिटोरियम में आज करेंगे संबोधित

सराफा एसोसिएशन द्वारा 19 जुलाई शनिवार को शाम 5 बजे पुराने हाईकोर्ट के पास यश पैलेस में राष्ट्रवादी चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ सनातन भारत कल आज और कल विषय पर व्याख्यान देंगे । इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, आनंद सोनी मौजूद रहेंगे ।19 जुलाई को ही सुबह 11:30 लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में श्री कुलश्रेष्ठ एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### आगामी दस दिनों में दो बड़ी परीक्षाएं लेगा व्यापमं

व्यापमं की परीक्षा में हाईटेक नकलची पकड़ में आने के बाद आगामी परीक्षाओं के लिए व्यापम ने सख्त नियम कानून लागू कर दिए है, आगामी सप्ताह में उपअभियंता व आबकारी निरीक्षक की दो बड़ी परीक्षा है। जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना हो इस



पर कड़े नियम लागू कर दिए है। परीक्षा में नकल रोकने और गोपनीयता बनाए रखने के लिए अब छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने अपने नियम-कायदों में कुछ बदलाव किये है, व्यापमं के द्वारा किये गए बदलाव 20 जुलाई को होने वाले परीक्षा से ही लागू होने वाले है।

# सख्त नियमों के बाद व्यापमं की परीक्षा कल सब इंजीनियर पदों के लिए होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस संबंध में व्यापंम अध्यक्ष ने कलेक्टर को एक पत्र भी जारी किया है,जिसमें अभ्यर्थियों को नियमों का पालन करने पर ही परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश करने की अनुमति दी गई है। परीक्षा ड्यूटी में तैनात जवान अब एक जगह नहीं बैठ पायेगें उन्हें अब बारी-बारी से परीक्षा केंद्र के परिसर व केंद्र के बाहार निगरानी करनी होगी। जिससे कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। वही परीक्षाथियों को परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले केंद्र पहुंचना होगा जिससे उनकी नियमानुसार स्क्रीनिंग हो सके। बताया जा रहा है की व्यापंम ने नियमों में ब बदलाव इसलिए भी किया है।

### परीक्षार्थी को यह नियम पालन करना जरूरी

परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बॉह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये, फुटवियर के रूप में चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण व वर्जित है, परीक्षा केंद्र में पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्प पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही परीक्षाथियों की केंद्र में एंट्री से पहले हैण्डहोल्ड मेटल डिटैक्टर व फ्रिस्किंग से जांच किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पूर्व ही परीक्षा केंद्र का मुख्यद्वार बंद कर दिया जाएगा।




### दस दिनों में दो बड़ी परीक्षा

व्यापमं के जरिए जल संसाधन विभाग विभाग में उप अभियंता के पदों पर भर्ती की जाएगी। जल संसाधन विभाग में उप अभियंता की परीक्षा 20 जुलाई रविवार को आयोजित की जाएगी। इस साथ ही 27 जुलाई आबकारी निरीक्षक की भी परीक्षा ली जाएगी जिसके लिए व्यापम ने पूरी तैयारी कर ली गई है।



### तीन दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित आश्रम में राज्यस्तरीय त्रिदिवशीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ, इस सेमिनार में छत्तीसगढ़ से लगभग दो सौ भक्तगण सम्मिलित होने आए हैं। सेमिनार के मुख्य प्रशिक्षक आचार्य परमेश्वरानन्द अवधूत हैं, सेमिनार में विभिन्न आध्यात्मिक एवं सामाजिक विषयों पर क्लास होंगी, इच्छुक लोगों को योग-साधना भी सिखाई जाएगी। प्रथम दिन आचार्य परमेश्वरानन्द अवधूत ने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन विषय पर चर्चा की, उन्होंने बताया कि आनन्दमार्ग के साधकों का लक्ष्य आत्ममोक्षार्थम जगत हिताय है, इसके लिए लोगों को व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में मानसिक,भौतिक और आध्यात्मिक संतुलन आवश्यक हैं। यही संतुलन न होने के कारण समाज की भलीभांति हर दिशा में प्रगति नहीं हो पा रही है।

### भारत भ्रमण पर निकले बालयोगी का गौ सेवकों ने किया स्वागत

बिलासपुर। भारत भ्रमण पर निकले 26 वर्षीय बाल योगी बलराम पुरी राजस्थान पदयात्रा करते हुए बिलासपुर पहुंचे। यहां बिलासपुर गौसेवा धाम के गौ सेवकों ने विपुल शर्मा के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया। गौ सेवा धाम में गौमाता की पूजा-अर्चना के बाद यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए रतनपुर के लिए रवाना हुई। जगह-जगह चौक चौराहे में पुष्प माला के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अमन सिंग, गोपाल कृष्ण रामानुज दास, शत्रुघन कृष्ण, शुभम शुक्ला, अनंत सिंग, समृद्ध जांगड़े, शिवांश पांडेय, पुष्प दंत शर्मा, शुभम शुक्ला, कान्हा यादव, रवि ताम्रकार. गोपाल मजुमदार सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे।



### इनरव्हील क्लब के नए सत्र का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतरराष्ट्रीय संस्था इनरव्हील क्लब के नए सत्र का शपथ ग्रहण समारोह को चावला ग्रीन में से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीएसपी रश्मित कौर चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अश्विनी यादव और संगीता साहू द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ, इसके बाद, डॉ सुनीता चावला ने अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। निवर्तमान अध्यक्ष ग्लोरिया पिल्ले ने उन्हें बैच और कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा। अध्यक्ष सुनीता चावला ने क्लब के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की इस अवसर पर, उपाध्यक्ष डॉ संगीता बनाकर, कोषाध्यक्ष सरिता अग्रवाल, सचिव सहला खोखर खान, एडिटर मंजू ढंडारिया आई एस ओ रूबी छाबड़ा सभी ने अपने-अपने पदभार ग्रहण किए। कार्यक्रम में कार्यकारिणी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला से प्राप्त अवार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुभूति मरहास और डॉ गुंजन अग्रवाल ने किया।

### लायंस क्लब उत्कर्ष की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लायंस क्लब उत्कर्ष शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेफ ला.रिपुदमन पुसरी, मुख्य वक्ता पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रीतपाल बाली,रीजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन इंदिरा त्रिपाठी अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मेल्विन जॉन्स के प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वारा प्रारंभ हुई। रीजन चेयरपर्सन द्वारा नवीन पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पांच नए सदस्यों ने उत्कर्ष क्लब की सदस्यता ग्रहण की। लायंस क्लब उत्कर्ष की नई अध्यक्ष लायन डॉ शकुंतला जितपुरे, सचिव डॉ आरती पांडे,कोषाध्यक्ष डॉ रश्मि जितपुरे बनी। प्रथम उपाध्यक्ष भारती तिवारी,द्वितीय कविता खत्री,उपाध्यक्ष कविता खत्री चुनी गई। टेल ट्विटर अर्चना तिवारी,टेमर एवं एलसीआई चेयरपर्सन सुधा मारदा,क्लब एडमिनिस्ट्रेटर वीणा अग्रवाल,बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स डॉ शकुन्तला, डॉ रश्मि,सुधा मारदा, वीणा अग्रवाल,डॉ आरती पांडे ने शपथ ली।

कार्नर न्यूज

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में सलाद सज्जा प्रतियोगिता

दिल्ली पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत ग्रुप 'डी' के विद्यार्थियों के मध्य कलात्मकता, सृजनात्मकता एवं मौसमी फलों व सब्जियों के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से सलाद सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई।





**बिलासपुर।** बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सब्जियों व फलों जैसे खीरा, टमाटर, प्याज, मूली, चुकंदर, गाजर, खरबूजा,आम को आकर्षद सजाया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में सुन्दर चेहरे, भगवान गणेश, घर, पेड़, ट्रेन, पक्षी एवं विभिन्न सुन्दर आकृतियों को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने समस्त प्रतिभागियों की प्रशंसा की प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ने समस्त प्रतिभागियों को बधाइयाँ दी। अंग्रेजी शिक्षिका संगीता उपाध्याय एवं विज्ञान शिक्षिका भाग्यलक्ष्मी ने निर्णायकों की महती भूमिका निभाई कार्यक्रम संयोजिका बाबी मथाई रही।

हर हर महादेव | जय श्री राम | जय श्री श्याम | हर हर महादेव | जय श्री राम

# राष्ट्र चिन्तन

विश्वगुरु भारत 2047-हमारा दायित्व



**सनानत भारत कल-आज और कल...**

मुख्य वक्ता

**मान. श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी**

प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, लेखक एवं प्रेरक वक्ता

दिनांक-**19 जुलाई 2025, शनिवार,** समय-**सायं 5:00 बजे से**

स्थान-**यश पैलेस, पुराना हाईकोर्ट रोड, बिलासपुर**

GITA PRESS, GORAKHPUR [SINCE 1923]

बिलासपुर में सर्वप्रथम गीताप्रेस गोरखपुर की पुस्तक दुकान का **शुभारंभ संपन्न**



मुख्य अतिथि

**मान. पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी** – समाज चिंतक | **मान. अमर अग्रवाल जी** – विधायक बिलासपुर

विशिष्ट अतिथि

**मान. मंगतराय अग्रवाल जी** – अध्यक्ष, जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर | **भगवताचार्य पं. दुर्गेश जी** – अमसेना, बिलासपुर

मुख्य अतिथि

**मान. तोखन साहू जी** – केंद्रीय मंत्री भारत सरकार | **मान. अमर अग्रवाल जी** – विधायक बिलासपुर

**मान. धरमलाल कौशिक जी** – विधायक बिल्हा | **मान. धर्मजीत सिंह जी** – विधायक तखतपुर | **मान. सुशांत शुक्ला जी** – विधायक बेलतरा

विशिष्ट अतिथि

**मान. भूपेन्द्र सवन्नी जी** – अध्यक्ष-छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) | **मान. सौरभ सिंह जी** – अध्यक्ष-छ.ग. मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड | **मान. प्रबल प्रताप जूदेव जी** – हिन्दू हृदय सम्राट | **मान. आनंद सोनी जी** – वरिष्ठ सदस्य छ.ग. सराफा एसोसिएशन

*आप सभी सनातन प्रेमी सहपरिवार सादर आमंत्रित है।*

## आयोजक : बिलासपुर सराफा एसोसिएशन



**कमल सोनी** – प्रदेश अध्यक्ष- छ.ग. सराफा एसोसिएशन, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष छ. ग. चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज

**अजय सराफ** – सचिव, बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

**राजेश शाह** – कोषाध्यक्ष, बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

**श्रीकांत पांडे** – कार्यकारी अध्यक्ष, बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

**सोना कभी सस्ता नहीं होता भ्रामक प्रचार से बचे, उपभोक्ता जागरूकता अभियान, सावधान रहे, सतर्क रहें -कमल सोनी** प्रदेश अध्यक्ष- छ.ग. सराफा एसोसिएशन, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष-छ. ग. चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज

**नोट : कृपया समय से पहले आकर स्थान ग्रहण करें**

**विनीत : सहयोगी एवं साथीगण**

BILASPUR SARAFA ASSOCIATION BSA BILASPUR | श्री राम रसोई | मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज



भीम सोनी | जितेन्द्र सोनी | नवनाथ आवले | सूरज सोनी | रितेश सलूजा | सजन सोनी | प्रकाश सोनी | शुभम सोनी | राजेश सोनी | विवेक तिवारी | अमृतजीत सिंह | जवाहर सराफ (अध्यक्ष-सर्व सोनी समाज बिलासपुर)

सीताराम जोशी | अनिल अग्रवाल | मनीष सोनी | विकास अग्रवाल | गिरधारी सोनी | यशवंत शर्मा | विजय सोनी | सनी छाबड़ा | सीता राम कावले | मनमोहन शर्मा | शशांक सोनी | अनिल शर्मा (प्रमुख सलाहकार दुर्ग चेंबर ऑफ कॉमर्स)

**संपर्क सूत्र:- 9926226633, 9827499599, 9893622289, 9827924898 , 8977416105, 7697711020, 7000976034, 7974314288, 9827108588, 9425545915**

## खबर संक्षेप

### युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयपुरम कॉलोनी के पीछे शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सरकंडा पुलिस ने शव की पहचान कराई, मृतक की पहचान सूरज सोनी निवासी सरकंडा क्षेत्र के रूप में की गई है। जहां युवक की लाश मिली है वह क्षेत्र नशेड़ियों के अड्डा है। वहां नशे में इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, खाली शराब की बोतलें और अन्य सामान पड़े थे। आशंका जताई जा रही है कि मृतक भी नशेड़ी था। दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि सूरज को मिर्गी की बीमारी थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है, रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में झुलसा, मौत



**बिलासपुर।** निजी घर में बिजली लाइन सुधारने गए एक व्यक्ति की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका पंपेश्वरी नायक के घर में बिजली बंद होने बाद उन्होंने मस्तुरी के साइकल दुकान चलाने वाले सुधनाथ केंवट को मरम्मत के लिए बुलाया था। सुधनाथ सुबह 10 बजे घर पहुंचा और बिजली की मरम्मत कर रहा था, इस दौरान 10.20 मिनट पर उसका सिर खुली तारा के चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पीएम कराया है। खास बात यह है कि मृतक की लाश 2 घंटें तक अस्पताल में पड़ी रही, इस दौरान पुलिस परिजनों को लेकर थाने लग गई और पंचनामा की कार्रवाई करने लगी। इस दौरान घर की महिलाएं भी अस्पताल पहुंच गई। महिलाओं के रूदान से पूरा अस्पताल परिसर गमगीन हो गया।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस के दौरान चलाए जा रहे मुस्कान कार्यक्रम के तहत नाबालिक



लड़की को बहला फुसला कर घर से भगाने के आरोप में 1 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार आरोपीकौशल उर्फ दिल मोहित पिता राधेलाल चतुर्वेदी उम्र 22 साल निवासी ग्राम बराही थाना तखतपुर का रहने वाला है। 4 जून 2024 को नाबालिग लड़की बहला फुसला कर भगा कर ले गया। मामले की विवेचना में लगे अधिकारियों ने इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दी। विवेचना के दौरान टीआई अनिल अग्रवाल ने सायबर सेल से तकनीकी साक्ष्य, सीडीआर विश्लेषण कर फरार आरोपी की पतासाजी की। इस दौरान आरोपी के तेलंगाना हैदराबाद में होना पाया गया। पुलिस ने टीम तैयार कर हैदराबाद के दुर्गमचेरू रंगारेड्डी में दबिश दी। इस दौरान आरोपी कौशल के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया और प्रकरण में आरोपी को पकड़कर शहर लगाया गया है। जिसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

**आडिट में की गई सोलह बिंदुओं पर आपत्ति** | एमआईसीएस भोपाल नामक संस्थान को किया गया अनियमित भुगतान

# अटल विवि में बिना निविदा के संस्थान को काम व पौने तीन करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में एक बार निविदा जारी कर एमआईसीएस भोपाल नामक कंपनी को गलत तरीके से काम देने के बाद उसी कंपनी से बगैर निविदा के लगातार छह वर्षों तक काम लेते हुए पौने तीन करोड़ का भुगतान करने का मामला सामने आया है। आडिट रिपोर्ट में यूनिवर्सिटी के इस भुगतान को न केवल अनियमित की श्रेणी में रखते हुए सोलह बिंदुओं पर आपत्ति की गई है, बल्कि संबंधित कंपनी की योग्यता पर भी सवाल उठाए गए हैं।

कोनी स्थित अटल यूनिवर्सिटी में एमआईसीएस नामक एक संस्थान को बगैर नियमों का पालन कर वर्ष 2016 में पहले काम देकर उपकृत किया गया, फिर बगैर निविदा के वर्ष 2022 तक लगातार छह साल कार्य कराते हुए 2 करोड़ 77 लाख 34 हजार 276 रूपए का भुगतान भी कर दिया गया है। आडिट विभाग द्वारा अपनी सोलह बिंदुओं की आपत्ति में कहा गया है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन को संस्थानों से लगातार कार्य लेना था तो इस बात का जिक्र निविदा में किया जाना था, जबकि निविदा में सिर्फ वर्ष 2016-17 का उल्लेख किया गया, लेकिन कार्य 2022 तक कराया जाता रहा। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं न्यूनतम दरों के लिए नियमानुसार निविदा में कम से कम तीन संस्थानों से दर आमंत्रित किया जाना था, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दो ही संस्थानों से दर प्राप्त कर कार्य एमआईसीएस भोपाल को सौंप दिया। जबकि निविदा में भाग लेने वाले एक अन्य संस्थान ओसवाल कंप्यूटर एवं कंसलटेंट प्राईवेट लिमिटेड के कुछ कार्यों की दर कम होने के बाद भी ये कार्य ओसवाल से कराने की बजाए अधिक दरों पर एमआईसीएस भोपाल से ही कराए गए।

आडिट विभाग द्वारा फिलहाल सभी सोलह बिंदुओं पर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने हेतु यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र लिखा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं आने की हालत में सारी आपत्तियों सहित अगली कार्रवाई के लिए प्रकरण शासन को भेजा जाएगा।

### इन कामों में किया गया पौने तीन करोड़ का भुगतान



यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा पूरक पुनर्मूल्यांकन, ऑनलाइन सब्मिशन एवं प्री एक्जाम, अमानत राशि की वापसी, ऑनलाईन परीक्षा फार्म की प्रस्तुति, एडमिशन कार्ड मुद्रण, पोस्ट एक्जाम वर्क, ऑनलाईन एक्जाम वर्क 2017, परीक्षा फार्म ऑनलाईन सब्मिशन एवं मुद्रण कार्य, समरी ऑफ बिल वर्क, परीक्षा फार्म छपाई, परीक्षा विभाग हेतु प्रपत्र छपाई, प्रिंटिंग कार्य और परीक्षा स्टेशनरी एवं छपाई के कार्यों का विभिन्न तिथियों में भुगतान किया गया है। भुगतान के संबंध में आडिट विभाग द्वारा पत्र क्रमांक केआर-10 दिनांक 3 सितंबर 2020 के द्वारा जानकारी चाही गई थी, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा जवाब में नस्तियों की बगैर हस्ताक्षर वाली फोटोकापी थमा दी गई।

### न निविदा का विज्ञापन छपा न पेपर कटिंग प्रस्तुत हुई

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा 29 सितंबर 2016 को प्रबंधक छत्तीसगढ़ संवाद को निविदा आमंत्रण की सूचना प्रकाशित करने के लिए आदेश दिया गया था। इसमें प्रदेश स्तरीय बहुप्रसारित दो समाचार पत्रों व राष्ट्रीय स्तर के दो समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन का आदेश दिया गया था। इसके विपरीत यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा संवाद से न तो राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित निविदा की पेपर कटिंग नस्ती में प्रस्तुत की गई , और न ही उक्त विज्ञापन का बिल संवाद को भुगतान करने का बिल ही प्रस्तुत किया गया था। ऐसी स्थिति में उक्त विज्ञापन के प्रकाशन पर ही संदेह व्यक्त किया गया है।

### संस्थान पांच साल अनुभवी लेकिन प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं

निविदा की विस्तृत जानकारी में काम करने वाली फर्म के पास मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी व बोर्ड की परीक्षाओं के डाटा प्रोसेसिंग का कम से कम पांच साल का अनुभव अनिवार्य किया गया था। इसके विपरीत एमआईसीएस भोपाल ने अपना पांच साल का अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत ही नहीं किया है। इसी तरह यूनिवर्सिटी द्वारा कराए जाने वाले कार्यों के लिए संस्थान के पास अपेक्षित मापदंड क्या होना चाहिए यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में कार्यों को करने में कौन सी फर्म सक्षम या योग्य है इस बात की जानकारी ही अस्पष्ट है। एमआईसीएस भोपाल द्वारा वाणिज्यिक विभाग या अन्य प्राधिकृत संस्था का जीवित पंजीयन प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

**बिजली विभाग के मुख्य अभियंता को लालटेन भेंट कर जताया विरोध**

# कांग्रेस ने लालटेन लेकर तिफरा सीएसईबी दफ्तर का किया घेराव, की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और राज्य सरकार द्वारा बिजली की दरों में की जा रही बेहिसाब बढ़ोतरी के साथ ही स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप तिफरा सीएसईबी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता अपने हाथ में लालटेन लेकर जमकर नारेबाजी की।

- बिजली दरों में वृद्धि व अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन

जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज बिजली संबंधी मुद्दों को लेकर सीएसईबी तिफरा कार्यालय का घेराव किया गया। सीएसईबी संभागीय कार्यालय के सामने सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली उत्पादन सरप्लस है फिर भी भाजपा सरकार द्वारा लगातार अघोषित बिजली कटौती कर रही है जिससे किसान, व्यापारी और आम जनता परेशान हैं। उनका कहना है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली दरों में बार-बार अनावश्यक बढ़ोतरी की जा रही है और आम जनता को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। प्रदेश में जब कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार थी तब बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ सभी को मिल रहा था। लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली गुल लगातार इस कदर किया जा रहा है जैसे 70 साल पहले की लालटेन युग में वापसी का षड़यंत्र रचा जा रहा हो। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से किसान, व्यापारी बेहाल है। रोपाई के समय किसानों को पानी की जरूरत है, किन्तु बिजली कटौती से खेती काम पिछड़ते जा रहा है। व्यापारी अपने दुकानों में टार्च की रौशनी में काम करने को मजबूर हैं और आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है।



शुक्रवार को तिफरा स्थित सीएसईबी कार्यालय में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### मुख्य अभियंता को लालटेन किया भेंट

घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता सीएसईबी के मुख्य अभियंता को बुलाने की मांग पर डटे रहे। आखिरकार काफी देर बाद विद्युत मंडल के अधिकारियों ने मेनगेट पर पहुंचकर ज्ञापन लेने की रस्म अदायगी की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने मुख्य अभियंता को लालटेन भेंटकर जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने, बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखने के साथ ही स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने की बात कहीं। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

### कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार को कोसा

घेराव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर राज्य सरकार को जमकर कोसा। सभा को पूर्व सांसद इंग्रिड मैक्लाउड, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, पूर्व महापौर रामशरण यादव, राजेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र साहू, जितेन्द्र पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, गीताजंलि कौशिक ने भी संबोधित किया। घेराव में कांग्रेस के आशीष सिंह, पंकज सिंह, अनिता राजेन्द्र शुक्ला, सीमा घृतेश, पिंकी बत्रा, देवेन्द्र सिंह, समीर अहमद, शेख नजरूद्दीन, ऋषि पांडेय, जगदीश कौशिक, जावेद मेमन, विनोद साहू, मोती थारवानी, भरत कश्यप, गीतांजलि कौशिक, झगरराम सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे।

### 3 दिनों से लगातार हो रही बिजली बंद विकास नगर के रहवासी हलाकान

तिफरा स्थित बिजली कार्यालय और सबस्टेशन से महज कुछ ही दूरी में स्थित विकास नगर में रोजाना हो रही बिजली बंद से रहवासी हलाकान हो चुके है। शाम को बिजली बंद होने के बाद अगले दिन सुबह बिजली बहाल हो रही है। पिछले 3 दिनों से तिफरा विकास नगर में बिजली की समस्या है। बुधवार की शाम 6 बजे से बिजली बंद हो गई, इस दौरान झुलेलाल भवन के पास तार टूटने के कारण रात 11 बजे तक बिजली बंद रही, जिससे लोगों को अंधेरे में ही आधी रात गुजारनी पड़ी। गुरूवार की शाम अचानक 7 बजे दोबारा बिजली बंद हो गई, इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटर ने उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाया। बिजली अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई लेकिन तारों की मरम्मत करने और ट्रांसफार्मर का शुरू करने में विभाग की टीम को 14 घंटे का समय लग गया और सुबह 8 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। इसके बाद शुक्रवार की शाम 6.30 बजे एक बार फिर बिजली बंद हो गई, गनीमत है कि इस दौरान एक घंटें के लिए सप्लाई ठप रही।

# लैब को बना दिया स्टोर रूम, भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में हमर लैब की स्थापना के साथ ही मरीजों को 171 तरह की पैथोलाजी टेस्ट मिनटों में मिलने का दावा अब फेल होने लगा है। पहले जांच सैंपल के लिए भी लंबी लाइनों में मरीजों को खड़े होने पैर दुखाना पड़ रहा है, वहीं लैब की रिपोर्ट पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। हाल यह है कि लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए लैब के क्लेक्शन सेंटर को स्टोर रूम में तब्दील कर दिया गया है। जिला अस्पताल में अव्यवस्था का आलम बना हुआ है।

- ऐसी व्यवस्था कि रोजाना लग रही है भीड़

राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रूपए का बजट पाने वाले जिला अस्पताल में मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दरअसल हाल ही में हमर लैब के कलेक्शन सेंटर को बदल दिया गया है। पहले यह सेंटर जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के पीछे बनाया गया था, सेंटर बनाने के लिए लाखों रूपए खर्च किए गए, मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए पंखे और कूलर तक लगाए गए, लेकिन अब स्टोर के तौर पर काम आ रहा है, इसकी जगह हमर लैब में ही मरीजों को लंबी लाइन लगानी पड़ रही है, घंटों खड़े रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, खास बात यह है कि सभी तरह के सैम्पल और रिपोर्ट यहीं से दिए और लिए जा रहे है। जिससे अव्यवस्था भी हो रही है, लेकिन प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे सका है।

### कर्मचारी हड़ताल में नहीं मिली रिपोर्ट

गुरूवार को एनएचएम और संविदा कर्मचारी हड़ताल पर रहे, इस दौरान जिला अस्पताल पहुंची 50 वर्षीय रेखा शर्मा को मंगलवार को कराएं गए रिपोर्ट के लिए भटकना पड़ा। मरीज ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने खून और पेशाब की जांच कराई थी, लेकिन लैब बंद हो गया था, जिसके कारण उन्हें रिपोर्ट नहीं मिली। दोबारा गुरूवार को अस्पताल पहुंची, लेकिन मौजूद कर्मचारियों ने यह कह कर चलता कर दिया कि कर्मचारी हड़ताल में है इसलिए रिपोर्ट शुक्रवार को ही मिलेगी।



जिला अस्पताल के हमर लैब में लगी मरीजों की भीड़।

# डिप्टी एसएस का कार्यालय, जहां कमरे में भरता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन में बनाई गई बिल्डिंग का हाल ऐसा हो गया है, जिस स्थान पर स्टेशन के डिप्टी एसएस और सिविल डिफेंस के कार्यालय संचालित होते हैं। उस स्थान पर बारिश के मौसम में पानी भरने के कारण तालाब की स्थिति हो जाती है। इसके साथ ही कार्यालय के चारों ओर की दीवारों पर सीपेज की समस्या है, जिसके बाद भी रेल कर्मचारी उसी कार्यालय में बैठकर मजबूरी में काम कर रहे हैं।

दपूमरे के बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है। इस काम की शुरुआत जब नहीं की गई थी तब स्टेशन के गेट नम्बर 3 से लेकर गेट नम्बर एक तक यात्रियों की चहल पहल नजर आती थी। स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए सारी सुविधाओं के अलावा स्टेशन प्रबंधक, डिप्टी एसएस कामर्शियल और अन्य कार्यालय लगते थे। इसके अलावा गेट नम्बर एक कटनी छोर पर बने आलीशन एंट्री के बगल में एक कार्यालय आईआरसीटीसी को भी दिया गया था। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य शुरु करते ही गेट नम्बर तीन से लेकर जनआहार के बाहर तक की पूरी बिल्डिंग खाली करा दी गई। वहीं नया फूड प्लाजा खोलने के लिए ठेकेदार के कहने पर ब्रिटिश काल के दौरान बिल्डिंग में संचालित वीआईपी रूम, स्टेशन प्रबंधक, डिप्टी एसएस व अन्य कार्यालय को भी खाली कराने का आदेश जारी कर दिया गया। नए कार्यालय के लिए रेल अफसरों ने जगह की तलाश शुरु कर दी गई। इस दौरान जिस बिल्डिंग में आईआरसीटीसी का कार्यालय संचालित होता था, उस आईआरसीटीसी को सेकेरसा के सामने बनाए गए नए आरक्षण कार्यालय के ऊपर शिफ्टिंग करा दिया गया। यह बिल्डिंग खाली होने के बाद ब्रिटिशकाल के समय बनाई गई पुरानी बिल्डिंग में संचालित होने वाले डिप्टी एसएस और सिविल डिफेंस के कार्यालय को आईआरसीटीसी के स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। वर्तमान में इस बिल्डिंग की हालत ऐसी है कि चारों ओर की दीवार पर सीपेज के कारण प्लाई उखड़ने शुरु हो चुके हैं। सबसे बड़ी समस्या है कि बारिश के दौरान पानी ऊपर से सीधे कमरे में गिरता है, जिसकी वजह से पूरे कमरे में पानी भरने की वजह से तालाब की स्थिति निर्मित हो जाती है।

- जगह-जगह दीवारों पर है सीपेज की समस्या

### गलत बनाया गया है नाला

रेल कर्मचारियों का कहना है कि कई बार बिल्डिंग की समस्या के संबंध में संबंधित विभाग को जानकारी दी गई है, लेकिन अब तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है। बिल्डिंग के ऊपर में नाला गलत बनाया गया है, इसके साथ ही केबल के कारण पानी सीधे कमरे की दीवार से अंदर आ जाता है। कमरे में लबालब पानी भरने के कारण उसे निकालने में ही आधे से अधिक समय लग जाते हैं, जिसके कारण दूसरा काम भी नहीं हो पाता।

### निराकरण के लिए कहा जाएगा

जिस स्थान पर कर्मचारी बैठ रहे हैं, वहां कमरे में पानी भरने की समस्या के संबंध में जानकारी मिली है। इसके लिए इंजीनियरिंग और गतिशक्ति विभाग को सूचित किया जाएगा, जिनके आपसी समन्वय स्थापित के बाद समस्या का निराकरण होगा।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### युवती के साथ छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कालेज में पढ़ने वाली युवती को सेमीनार के दौरान फंसाकर एमआई कंपनी में रकम निवेश करने का झांसा देकर होटल में बुलाकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया ने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कॉलेज के सेमीनार के दौरान शाहिल गांधी से जान पहचान हुई थी। उसने एमआई कंपनी में रकम निवेश करने का झांसा दिया और राशि जमा कराई। इस दौरान लाभ का झांसा दिया लेकिन रकम वापस नहीं किया। युवती ने अपनी रकम युवक से मांगी। इस दौरान रकम लौटाने के बहाने उसने युवती को होटल में बुलाया। इस दौरान युवक ने इज्जत लुटने की नियत से युवती के साथ छेड़छाड़ की। रिपोर्ट लिखाने के बाद टीआई निलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में टीम ने इंदिरा नगर विनोबा नगर तारबहार निवासी 27 वर्षीय आरोपी शाहिल गांधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मंदिर का ताला तोड़कर 25 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। तोरवा क्षेत्र के गायत्री मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर दान पेटी का ताला तोड़ 25 हजार रूपए की चोरी कर लिया है। मंदिर के पुजारी ने घटना की शिकायत तोरवा थाने में दर्ज कराई है।

मामला 16 जुलाई के दरमियानी रात का है। एनी कालोनी गायत्री मंदिर में रहने वाले राधेश्याम साकत पिता स्व देवीदीन साकत रोज की तरह पूजा पाठ करने के बाद रात 9 बजे चैनल गेट में ताला लगाकर घर चले गए। 17 जुलाई सुबह 6 बजे उठकर देखा। इस दौरान मंदिर के चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था।

अज्ञात चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर मंदिर में रखे पेटी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 25 हजार रूपए की चोरी कर ली। चोर की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जा रहा है कि रात 1.47 मिनट पर चोर मंदिर में प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# नारायणी हास्पिटल के सामने चला दी गई हरे-भरे पेड़ पर कुल्हाड़ी



**बिलासपुर।** मंगला चौक पर स्थित नारायणी हास्पिटल के सामने हरे-भरे पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाने के बाद उसके ठूंठ को भी काटकर दबा दिया गया। इसकी भनक तक वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को नहीं लग सकी।

शासन की योजना एक पेड़ मां के नाम पर शहर और ग्रामीण एरिया सहित अन्य स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधा लगाने प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि शहर हरा-भरा रह सके। वहीं हरे-भरे पेड़ों पर बिना किसी भय के कुल्हाड़ी चलाने का भी काम किया जा रहा है। शहर हो या ग्रामीण एरिया अगर किसी को पेड़ की कटाई करनी है तो वन विभाग या फिर राजस्व विभाग से इसकी अनुमति लेनी जरूरी होती है। बिना किसी की अनुमति के पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाना अपराध की श्रेणी मे आता है। इसी तरह का मामला शहर के मंगला चौक पर स्थित नारायणी हास्पिटल के सामने दिखाई दिया। एक सप्ताह पहले नारायण हास्पिटल के सामने हरे-भरे पेड़ लगे हुए थे। यहां गर्मी के दौरान लोगों को राहत भी मिलती थी। अचानक दो दिन पहले किसी ने पेड़ को काट दिया। गुरुवार की सुबह तो और गंदी स्थिति दिखाई दी, जिसमें पेड़ के ठूंठ दिखाई दे रहे थे उसे भी पूरी तरह से काटकर जमीन को समतल कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के डिप्टी रेंजर जितेन्द्र साहू ने बताया कि हरे-भरे पेड़ों की कटाई वन अपराध है। बिना अनुमति पेड़ की कटाई नहीं की जा सकती है। किसी ने भी पेड़ को काटा है तो उसके खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### हरियाली तीज मनाने महिला समिति की बैठक



**बिल्हा।** हरियाली तीज सावन मास के शुक्ल पक्ष की तीज को मनाई जाती है। इस साल इस पर्व के हर्षोल्लास के साथ मनाने बिल्हा अग्रवाल महिला समिति ने 16 जुलाई को बैठक कर तय किया गया कि श्री राणी सती दादी मंदिर में 26 जुलाई को सिंधारा उत्सव मनाया जाएगा। उसके पश्चात 27 जुलाई को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में पौधरापण किया जाएगा एवं झूले आयोजन अग्रसेन भवन में किया जाएगा। बैठक को सफल बनाने अध्यक्ष उमा केडिया, नीतू अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, संगीता, चंदा गर्ग, कृति अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, ममता मित्तल, मधुलिका गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। इस मौके पर महिला समिति की ओर से राखी शर्मा के पुत्र दिव्यांश शर्मा, जो किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं, उनके इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही शिवानी शर्मा पति स्व शिवा शर्मा को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### राजपूत युवा संघ की ग्रामीण ईकाई का गठन



**लोरमी।** राजपूत युवा संघ की ओर से समाज सेवा, लोक कल्याण एवं जरूरतमंदों की सेवा और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए विभिन्न गांवों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा कार्यक्रम में प्रत्येक घर से एक सदस्य उपस्थित होंगे, जिससे लोगों में एकता और संगठन का भाव निर्मित हो सकता है। इसी क्रम में महरपुर में बैठक आयोजित कर राजपूत युवा संघ की ग्रामीण ईकाई का गठन किया गया, जिसमें केन्द्रीय पदाधिकारी गणेश सिंह, गेंदाराम सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक सिंह फौजी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें संरक्षक दिनेश सिंह, बंसी सिंह, अध्यक्ष रवि शंकर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, शत्रुघ्न सिंह, सचिव किशन सिंह, सहसचिव सूरज सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज सिंह, सह कोषाअध्यक्ष सनत सिंह एवं हनुमान चालीसा प्रभारी बलराज सिंह, शिव कृपाल, मेलू सिंह, अर्जुन सिंह को चुना गया।

### स्कूलों का भ्रमण कर शंभूनाथ ने पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

**लोरमी।** कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राज्य माटी कला बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती ने ग्राम देवरहट एवं सेमरसल में शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल का भ्रमण कर हरित उद्यान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री चक्रवर्ती ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, धरती की महिमा और शिक्षा में अनुशासन का महत्व जैसे बिंदुओं को बड़ी सरलता से और मनोरंजक तरीके से समझाया। ज्ञात हो कि शंभूनाथ चक्रवर्ती माटी कला के माध्यम में पूरे छत्तीसगढ़ के प्राचीन कलाओं और अस्मिता से जुड़े परंपराओं को सुविधा देने के लिए प्रयासरत हैं। इस दौरान विष्णु गुप्ता जिला संयोजक पर्यावरण अंबिकापुर, प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, पुष्पा चतुर्वेदी, उमाशंकर सिंह, अक्षय अलंकृरी, ताम्रध्वज कश्यप जिला मुंगेली संयोजक, नवीन सिंह खंड सह बौद्धिक प्रमुख, महेश कश्यप खंड पर्यावरण संयोजक लोरमी, प्रधान पाठिका सुलक्षणा कश्यप, छतू राम कश्यप, दादू कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### प्रभावती डेविड सिंह



**बिलासपुर।** ओमनगर जरहाभाटा निवासी प्रभावती डेविड सिंह का 18 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जुलाई की सुबह 10.30 बजे सिन्धी कालोनी स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे रत्नराज सिंह, संगीता सिंह, स्मिता बक्श एवं निवेदिता ए लाल की माता थीं।

### सायरा बेगम



**बिलासपुर।** श्रीमती सायरा बेगम का 17 जुलाई को निधन हो गया। उन्हें 18 जुलाई को मरीमाई कब्रस्तान में बाद नमाज जुमा सुपुर्दे खाक किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### हनुक लाल



**करगी रोड कोटा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अधिवक्ता हरीश लाल के पिता हनुक लाल का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शनिवार को 3 बजे मसीह कब्रिस्तान कोटा में किया जाएगा। वे हेराल्ड लाल, हरीश लाल, हैमिल्टन लाल एवं लाल मैडम के पिता, अधिवक्ता अर्पित लाल एवं अधिवक्ता आयुष लाल के दादा थे।

### लालाराम छोटे लाल देवांगन



**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम सेतगंगा निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लालाराम छोटे लाल देवांगन का 86 वर्ष की उम्र में 16 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे संतोष देवांगन, उमाशंकर देवांगन, जनक देवांगन, रविंद्र देवांगन के पिता जी थे। उनकी अंतिम यात्र 17 जुलाई को दोपहर 1 बजे निज निवास सेतगंगा मुक्तिधाम में किया गया।

### ज्योति मिश्रा



**बिलासपुर।** कश्यप कालोनी, गली क्रमांक तीन निवासी ज्योति मिश्रा पति आनंद मिश्रा मुरता वाले (45)का निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार कृष्ण चंद्र मिश्रा, राम चंद्र मिश्रा की बहू और अवनी मिश्रा की मां थीं।

# कुछ ही घंटों में गड्ढे में समा गया घानाकछार स्थित तालाब का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

## 4 दिनों में 85 प्रतिशत पाना गायब लोगों ने शुरू की पूजा- अर्चना

अलग खबर

लगातार बारिश के बाद ग्राम घानाकछार में लगभग 4 एकड़ में फैला तालाब पानी से लबालब हो गया, लेकिन इसी बीच अचानक कुछ ऐसा देखने को मिला, जिसने लोगों को हैरानी में डाल दिया। दरअसल 45 वर्ष पुराने तालाब के किनारे पर एक बड़ा सा प्राकृतिक गड्ढा हो गया, जिसमें तालाब का लगभग पूरा पानी चला गया।

जानकारी के मुताबिक अब तालाब में 15 प्रतिशत पानी ही बचा है, जो एक-दो दिन में गायब हो जाएगा। लोगों की मानें तो, इस तालाब का पानी इस गढ्ढे के माध्यम से सीधे पाताल लोक में जा रहा है, क्योंकि आसपास क्षेत्र में अभी तक पानी का रिसाव नही देखा गया है। अचानक हुई इस घटना को देखने दूर-दराज के ग्रामीण पहुंच रहे हैं और पताल लोक में जा रहे पानी को एक दैवीय घटना मानकर लोगों ने यहां पर पूजा-अर्चना शुरू कर दी है। बिलासपुर मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर कोटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम घानाकछार के वर्षों पुराने तालाब में बारिश के बाद लबालब पानी भर गया। तालाब में प्रतिदिन गांव के लोग दैनिक नित्य कर्म करने पहुंच रहे थे, इसी दौरान 14 जुलाई सोमवार को इस तालाब में एक प्राकृतिक घटना घटी एवं तालाब के एक किनारे अचानक एक बड़ा सा गढ्ढा हो गया। शुरू में तो तालाब में पानी भरा होने से यह गड्ढा यह नहीं दिखा, जब तालाब का पानी अचानक तेज गति से कम होने लगा तो गांव वालों को यह गड्ढा नजर आया। गांव वालों ने देखा कि तालाब के दाहिने तरफ एक बड़ा से गढ्ढा है, जिसमें तालाब का पानी अंदर अंदर जा रहा है। शुरू में लोगों ने इसे सामान्य घटना समझा, लेकिन बाद में जब इस पर गौर किया गया तो लोग हैरानी में पड़ गए। सबसे पहले गावं के राजेंद्र साहू ने इस गढ्ढे को देखा, इसके बाद गांव के सरपंच साधराम चेचाम, कार्तिकराम, छोटे लाल साहू, भागवत, राम, जय राम, संदीप यादव, मोहन लाल, तुलसीराम, सियाराम, डॉ संतोष साहू ने जब गढ्ढे को देखा तो सभी आश्चर्य में पड़ गए। उन्होंने पाया कि पिछले चार दिनों में तालाब का पानी लगभग 85 प्रतिशत खाली हो गया है और दो दिन में यह पूरा तालाब खाली हो जाएगा, जिसके बाद ग्रामीणों की निस्तारी की समस्या शुरू हो जाएगी।





तालाब किनारे बना गड्ढा जिसमें समा गया पानी।

### 45 वर्ष पुराना है तालाब

गावं के सरपंच साधराम चेचाम ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि 45 वर्ष पुराने तालाब में अचानक से बड़ा सा गढ्ढा हो गया और पूरा तालाब का पानी खाली हो गया। आज तक ऐसी घटना कभी सुनने-देखने को नही मिली थी। इसकी जानकारी उच्चाधिकारीयों को दे दी गई है।

### लोगों ने शुरू की पूजा-अर्चना

गांव के तालाब में अचानक से गढ्ढा हो जाने से और तालाब का पूरा पानी पताल लोक में चले जाने की घटना को ग्रामीण एक दैवीय चमत्कार मान रहे हैं। कई ग्रामीण उक्त स्थान पर पहुंचकर पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं। आसपास के क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में इस घटना को देखने पहुंच रहे हैं।

## केंद्र व राज्य सरकार पर बरसे, लगाए आरोप

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने किया मौन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

किसानों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण नहीं होने को लेकर कांग्रेसियों ने गांधी पुतला के पास मुंह पर काली पट्टी लगाकर मौन प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार मतदाताओं को गुमराह कर सत्ता तो हासिल कर ली है, लेकिन जनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर इस सरकार में कोई रूची नहीं है।

आज किसान अपने कृषि कार्य को छोड़कर खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं, परंतु उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है एवं लोगों को चलने के लिए सड़क नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क की दुर्दशा इतनी है कि लोगों को सड़क कम गढ्ढे ज्यादा दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हितों की बात करने वाली भाजपा सरकार मनमाने ढंग से बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं के ऊपर अतिरिक्त भार आ गया है। इन सभी बिंदुओं को लेकर कांग्रेस अब क्रमबद्ध आंदोलन करेगी और जब तक जनता की समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तब तक संघर्ष करते रहेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजय देवांगन, पार्षद मुन्ना श्रीवास, शैलेंद्र निर्मलकर, सुरेश ठाकुर, रमन हूरा, सुनील जांगड़े, अभिषेक पाण्डेय, बबलू गुप्ता, प्रियांशु डहरिया, अजय सिंह ठाकुर, लक्ष्मी यादव, दिनेश देवांगन, बबलू गुप्ता, मनोज ठाकुर, दीपक लहरे, राजवीर हूरा सहित अन्य मौजूद रहे।



गांधी पुतला के पास प्रदर्शन करते कांग्रेसी।



## खाद और केसीसी की समस्या से किसान परेशान, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

ग्राम पंचायत गोड़ाडीह, बोहरडीह एवं भुतहा के किसान गुरुवार को बड़ी संख्या में जिला कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

किसानों ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित गोड़ाडीह पंजीयन क्रमांक 575 के तहत खाद डीएपी यूरिया और केसीसी ऋण उपलब्ध नहीं होने की शिकायत करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने बताया कि उनका मुख्य व्यवसाय खेती है और खरीफ सीजन की शुरुआत में समय पर खाद और फाइनेंस की आवश्यकता होती है। लेकिन वर्तमान में गोड़ाडीह समिति से न तो खाद मिल पा रही है और न ही केसीसी की प्रक्रिया पूरी हो पा रही है। इसके चलते उन्हें निजी उधार या महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधियों ने बताया कि किसानों को समिति के चक्कर काटने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। कई बार आवेदन और निवेदन के बावजूद भी न तो खाद वितरण हो रहा है और ना ही केसीसी स्वीकृत हो रहे हैं। इससे क्षेत्र में खेती कार्य बाधित हो रहा है, और समय पर बुआई न हो पाने की चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों ने कलेक्टर से मांग की कि गोड़ाडीह समिति में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए और केसीसी के लंबित मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया कि शासन स्तर पर किसानों को हो रही कठिनाइयों की ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाए और उचित इसको लेकर उचित कदम उठाए जाएं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समिति की व्यवस्था की समीक्षा करें एवं यह सुनिश्चित करें कि किसानों को बिना देरी के खाद और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को हर संभव सुविधा समय पर मिले, ताकि कृषि उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस अवसर पर जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं अनेक किसान उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन कर किया बिजली ऑफिस का घेराव



**जरहागांव।** बदहाल सडक एवं बिजली के बिल में बढ़ोतरी को लेकर जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं बरेला में जमकर धरना-प्रदर्शन किया एवं बिजली ऑफिस में ज्ञापन सौंपा। साथ ही सरकारी तंत्र के दुरूपयोग को लेकर युवा कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस जरहागांव ने पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जरहागांव ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र साहू, सहित अन्य मौजूदथे। इसके अलावा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती एवं मुख्य मार्गों में मवेशियों से हो रही दुर्घटनाओं को लेकर आंदोलन करने की बात कही गई। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, चुरावन मंगेशकर थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, रामचंद्र साहू, दिलीप बंजारा, लोकेश बिसेन, मदन लाल पटेल, रामनाथ धुरी, केशो प्रसाद अंचल, कन्हैया लाल धुरी, विनोद आहिरे, उमेश चंद कुर्रे,अभिलाष सिंह, राजेश छैदइया, उर्मिला यादव, बिंदु यादव, अनीता विश्वकर्मा, वशीउल्लाह खान आदि मौजूद थे।

### बिजली न्याय आंदोलन के तहत कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** खस्ताहाल सड़कों और बढ़ते बिजली के मुद्दों पर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है एवं सड़कों पर लड़ाई लड़ने की मुहिम छेड़ दी है। इसी क्रम में बुधवार को लोरमी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बिजली ऑफिस का घेराव कर ज्ञापन सौंपा, वहीं गुरुवार को पथरिया में जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व मे बड़ी संख्या मे एकत्र होकर कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के में राज्य सरकार द्वारा हाल ही में की गई चौथी बार की बिजली दर वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि राज्य में पर्याप्त बिजली आपूर्ति होने के बावजूद भी अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, रोहित शुक्ला, नेहरू साहू, राजा ठाकुर, वशीउल्ला खान, अभिलाष सिंह, संजय कुर्रे, जागेश्वरी वर्मा, सूरज यादव आदि मौजूद थे।

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने विभिन्न मांग को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की बैठक अध्यक्ष कमल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने ज्वलंत मुद्दों को लेकर मांगों को पूरा कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया।

इनकी मांगों में प्रमुख रुप से प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान महंगाई भत्ता देय तिथि से देने, प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय-समय पर भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में करने, वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष सेवा पूर्ण करने उपरांत लागू करने, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी करने एवं प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू करने का स्थाई आदेश जारी करने की मांग शामिल है। इसके साथ ही सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अवकाश नगदीकरण देने एवं प्रदेश के शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती की गणना करने एवं पूर्ण पेंशन की पात्रता हेतु नीति निर्धारित करने की मांग शामिल है। इन्होंने ज्ञापन के माध्यम से यह जानकारी दी है कि यदि इनकी मांगों को 22 अगस्त के पूर्व तक पूरा नहीं किया जाता है तो 22 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सभी जिला, विकासखंड एवं तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# शालेय विखं शतरंज प्रतियोगिता में अंश, प्रवीण एवं यश बने विजेता



a**लोरमी।** विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले के मार्गदर्शन व निर्देशन में बालक 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष की प्रतियोगिता विखं खेल केंद्र लोरमी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक का 4 चक्र, 17 वर्ष बालक में 5 चक्र एवं 19 वर्ष बालक में 4 चक्रों पूर्ण की गई। 14 वर्ष बालक वर्ग में कुल 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमें से टॉप 5 खिलाड़ी का चयन हुआ। 14 वर्ष बालक में प्रथम अंश केसरवानी, द्वितीय दुर्गेश कुमार, तृतीय योगेश बंजारे, चतुर्थ आयुष देवांगन एवं पंचम अनुराग बंजारे रहे।

17 वर्ष बालक वर्ग में कुल 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से टॉप 5 खिलाड़ी का चयन जिला स्तरीय के लिए हुआ। 17 वर्ष बालक में प्रथम प्रवीण कश्यप, द्वितीय अंशुल शर्मा, तृतीय आदित्य कुर्रे, चतुर्थ संजू सकत एवं पंचम सत्यम मरकाम रहे। 19 वर्ष बालक वर्ग में कुल 22 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से टॉप 5 खिलाड़ी का चयन जिला स्तरीय के लिए हुआ । 19 वर्ष बालक में प्रथम यश शर्मा, द्वितीय सोमेश राजपूत, तृतीय राजेश पाटले, चतुर्थ युराज पटेल एवं पंचम डोमन साहू रहे। विजयी व चयनित खिलाड़ियों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले जी मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व लगातार मेहनत करने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी 21 जुलाई 2025 को जिला शालेय शतरंज प्रतियोगिता में लोरमी विखं का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## टाइटन्स स्पेस इंडस्ट्रीज के उद्घाटन मिशन के लिए हुए चयनित

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के पूर्व छात्र राजशेखर का अंतरिक्ष यात्रा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



ऑक्सफोर्ड स्कूल पेंड्रारोड के भूतपूर्व छात्र राजशेखर पैरी का अंतरिक्ष यात्रा के लिए चयन हुआ है। लंदन यूके अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक जुनून के साथ एक एयरोस्पेस और मैकेनिकल इंजीनियर छात्र राज शेखर पेरी को आधिकारिक तौर पर टाइटन्स स्पेस इंडस्ट्रीज के उद्घाटन मिशन के लिए एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया है।

यह न केवल पेरी के लिए, बल्कि एनालॉग अंतरिक्ष यात्रियों और निजी अंतरिक्ष उड़ान के अग्रदूतों के बढ़ते वैश्विक समुदाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। टाइटन्स स्पेस इंडस्ट्रीज एक अत्याधुनिक अंतरिक्ष अन्वेषण कंपनी है जो जो पृथ्वी से परे मानव उपस्थिति का विस्तार करने पर केंद्रित है। इंडस्ट्रीज ने राज शेखर पेरी को एयरोस्पेस नवाचार, वास्तविक समय के अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और एसटीईएम आउटरीच के प्रति प्रतिबद्धता में उनके योगदान के लिए चुना है। ऑर्बिटालॉकर में एक परियोजना प्रबंधक-इंजीनियरिंग और पूर्व सीएफडी इंटर्न और एनालॉग अंतरिक्ष यात्री राज तकनीकी विशेषज्ञता और मिशन-तैयारी का एक अनूठा मिश्रण लाते हैं। उनका चयन एक कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया का अनुसरण करता है, जिसमें नक़ली चंद्र मिशन भागीदारी, एनालॉग आवासों में नेतृत्व और अगली पीढ़ी की प्रशिक्षण प्रणालियों का विकास शामिल है। राजशेखर ने कहा है कि यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह दुनिया भर के इच्छुक अंतरिक्ष यात्रियों और इंजीनियरों के लिए एक संदेश है। टाइटन्स स्पेस इंडस्ट्रीज के दूरदर्शी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में राजशेखर गहन प्रशिक्षण से गुजरेंगे और निम्न पृथ्वी की कक्षा से परे स्थाई अन्वेषण को सक्षम करने के उद्देश्य से अग्रणी प्रयोगों में भाग लेंगे। यह घोषणा निजी एयरोस्पेस इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करती है। राजशेखर का जन्म बिलासपुर जिले में हुआ था और उन्होंने उसी जिले में अपनी शिक्षा पूरी की और फिर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पेंड्रा रोड में 5वीं कक्षा से 10वीं कक्षा तक अपनी आगे की स्कूली शिक्षा पूरी की। इसके बाद वे 11 वीं और 12 वीं कक्षा का अध्ययन करने के लिए हैदराबाद चले गए और आगे उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड रक्षा मंत्रालय में थोड़े समय के लिए काम किया और यूके में स्नातकोत्तर एयरोस्पेस प्रणोदन का अध्ययन करने गए।

# समाजसेवी ने स्वास्थ्य केंद्र को भेंट की व्हीलचेयर



**पथरिया।** विकास खंड के ग्राम अमोरा गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थानीय समाजसेवी कन्हैया धुरी ने एक नई व्हीलचेयर भेंट की। यह दान मरीजों की सुविधा और अस्पताल की सेवा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगा। कन्हैया धुरी वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव के मरीजों को व्हीलचेयर की कमी के कारण कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि अगर सभी सक्षम व्यक्ति अपनी क्षमता अनुसार योगदान दें, तो ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो सकती हैं। अस्पताल के प्रभारी अधिकारी कमलेश पाली, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित लाल एवं समस्त पीएचसी स्टाफ ने श्री धुरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्हीलचेयर न केवल मरीजों के लिए सहायक सिद्ध होगी, बल्कि हमारे स्टाफ के लिए भी यह एक बड़ी सुविधा है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट में विभिन्न दफ्तरों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बुधवार को जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कार्य प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने, दस्तावेजों के व्यवस्थित रखरखाव और कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन विभाग, श्रम, महिला एवं बाल विकास, खनिज, डिजिटल अभिलेखागार, खाद्य सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन समयबद्ध कार्य प्रणाली से ही संभव है। शासकीय कार्यालयों से जनता का सीधा संपर्क होता है, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, व्यवहार और कार्य के प्रति जिम्मेदारी प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब होती है। कलेक्टर ने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समय पालन, पारदर्शिता और जवाबदेही शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### आबकारी आरक्षक के लिए प्रवेश परीक्षा 27 को

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा 27 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगा। परीक्षा में जिले के 4 हजार 343 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। व्यापम की आगामी परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना आवश्यक होगा, ताकि शारीरिक जांच और प्रवेश पत्र सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधे बांह के कपड़े तथा चप्पल पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण, घड़ी, पर्स, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि साथ लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व एवं अंतिम आधे घंटे में कक्ष से बाहर जाना वर्जित रहेगा। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

### जिला प्रशासन चला रहा 90 प्लस परीक्षा परिणाम अभियान

**मुंगेली।** जिले हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की शैक्षिक प्रगति बेहतर करने और शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन की दिशा में अभिनव पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा 90 प्लस परीक्षा परिणाम अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से विशेष कार्य योजना बनाकर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 90 प्रतिशत से ऊपर लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत छात्र–छात्रओं की शालाओं में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने विशेष प्रयास, कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों में उपचारात्मक शिक्षक की व्यवस्था, विद्यार्थियों को नियमित लेखन का अभ्यास, जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञ अध्यापकों की व्यवस्था, विद्यार्थियों की शैक्षिक स्तर पर चर्चा एवं कमजोर विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु आवश्यक पहल जैसे प्रयास शामिल है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के द्वारा कम शैक्षणिक प्रगति वाले स्कूलों के शैक्षिक सूचकांकों में प्रगति लाने विशेष कार्ययोजना बनाकर बेहतर मनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर चिन्हांकित स्कूलों के लिए जिला एवं विकासखंड अधिकारयों को नोडल बनाया गया है। ये अधिकारी माह में 02 बार नियमित रूप से संबंधित स्कूलों के संस्था प्रमुखों से समन्वय स्थापित कर स्कूलों का निरीक्षण करेंगे तथा अवलोकन प्रपत्र के माध्यम से अकादमिक कार्य निष्पादन, मासिक मूल्यांकन परिणाम तथा स्कूलों की संपूर्ण व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे, ताकि बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

### स्वीकृत पदों की पूर्ति के लिए मेरिट सूची जारी की गई

**मुंगेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र के संचालन हेतु एकमुश्त संविदा मासिक वेतन पर स्वीकृत पदों की पूर्ति के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिला मिशन समन्वयक, जेंडर विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक एवं डाटा एंट्री अपरेटर पदों के लिए पात्र पाए गए अभ्यर्थियों के समस्त दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा 25 जुलाई को जिला लाइवलीहुड कलेज, जमकोर परिसर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। मेरिट सूची सहित अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## बारिश का पानी भरने से छात्रों-शिक्षकों को आने जाने में हो रही परेशानी

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव घुटेरा का स्कूल मैदान बारिश का पानी भरने से तालाब हो गया है। ऐसी स्थिति इस वर्ष ही नहीं बल्कि प्रति वर्ष बनती है जिसकी शिकायत उच्च कार्यालय की की जाती है, परंतु अभी तक किसी तरह का कार्यवाही नहीं की गई है।



# नवागांव घुटेरा स्कूल का मैदान बना तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्कूल मैदान गली से नीचे है, बस्ती का पानी और स्कूल भवन तथा मैदान का पानी भर जाता है, पानी निकासी पूर्व में अच्छी तरह से होता था, परंतु ग्रामीण के द्वारा कांटा लगाकर मिट्टी पाटकर नाली को बंद कर दिया जाता है जिसके कारण थोड़ा सा भी पानी गिरता है तो मैदान तालाब का रूप ले लेता है।

नगर से लगे ग्राम नवागांव घुठेरा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में भारी बारिश के कारण स्कूल के परिसर में पानी भर गया है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के भवन के विभिन्न कक्षाओं में पानी का भराव होने से शिक्षक और छात्र दोनों ही परेशान हैं। कई कक्षाओं में पानी घुसने से बच्चों को बैठने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है और पढ़ाई का माहौल बिगड़ गया है। स्कूल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही समाधान निकालने का आश्वासन दिया है, लेकिन फिलहाल विद्यार्थी और शिक्षक दोनों की परेशानियों में कोई कमी नहीं आई है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस समस्या का समाधान शीघ्र कराने की मांग की है। विद्यालय भवन के विभिन्न कक्षाओं कीचन कक्ष में पानी भरने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने जिम्मेदार अधिकारियों से समाधान शीघ्र कराने की मांग की है। यह घटना दर्शाती है कि विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की हालत पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और आरामदायक माहौल में शिक्षा प्राप्त हो सके।

### जानकारी मिली है: बीईओ

बीईओ डॉ. प्रतिभा मण्डलोई ने बताया कि विद्यालय में पानी भरने की समस्या की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है। इस संदर्भ में सरपंच एवं पालकों की बैठक लेकर पानी निकासी की व्यवस्था के लिये कहा गया है। बताया जाता है कि पूर्व में जो पानी निकासी की नाला था उसे कुछ लोगों के द्वारा मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। जिसके चलते पानी निकासी नही हो पाता। उल्लेखनीय है कि कई ग्रामों में बरसाती पानी निकासी के लिये पुराने समय से चले आ रहे नाले आदि को अपना निजी उपयोग करने के लिये मिट्टी डालकर पाट देते है जिसके चलते कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### समाधान का होगा प्रयास: सरपंच

सरपंच नारायण साहू ने बताया कि विद्यालय में पानी भरने की समस्या को उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। ग्रामवासियों एवं पालकों की बैठक लेकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

## 17 हजार क्विंटल बीज का भंडारण कर किसानों को वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, जिससे इस खरीफ सीजन में बेहतर फसल की उम्मीद जताई जा रही है।



खरीफ वर्ष 2025 के लिए जिले को 14 हजार 855 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 17 हजार 377 क्विंटल बीज का भंडारण करते हुए समस्त सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को पूरी मात्र में वितरण कर दिया गया है। इसी प्रकार, रासायनिक खाद हेतु 60 हजार 620 टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध 45 हजार 145 टन भंडारित कर 37 हजार 535 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अनुसार, डीएपी की आपूर्ति में कमी आने की स्थिति में एनपीके, एसएसपी और यूरिया जैसे उर्वरकों को विकल्प के रूप में तैयार रखा गया है। इनमें एनपीके को डीएपी का सबसे उपयुक्त विकल्प माना गया है। जिले में आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु नैनो यूरिया (500 मि.ली.) की 6 हजार 497 बोतलों का भंडारण कर 3 हजार 207 नग और नैनो डीएपी की 3 हजार 114 बोतलों में से 1 हजार 85 बोतलों का वितरण किया जा चुका है। नैनो डीएपी एक नवीनतम तकनीक आधारित उर्वरक है, जो पारंपरिक डीएपी के बराबर पोषण प्रदान करता है, परंतु मिट्टी की गुणवत्ता को नुकसान नहीं पहुंचाता। जिले की 66 सेवा सहकारी समितियों और निजी विक्रय केन्द्रों में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का भंडारण किया गया है। किसानों को इनके प्रयोग, लाभ और सावधानियों की जानकारी पोस्टर, बैनर और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से दी जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में बीज और उर्वरक विक्रय केन्द्रों की नियमित रूप से जांच की जा रही है।

अब तक 9 बीज विक्रेताओं और 5 खाद विक्रेताओं पर अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। समय पर बीज एवं उर्वरक वितरण तथा प्रशासन की निगरानी से किसानों को राहत मिली है। जिला प्रशासन ने सभी सेवा सहकारी समितियों को निर्देशित किया है कि किसी भी किसान को रासायनिक उर्वरक प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो और वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए।

**निरीक्षण**

## बीईओ ने की स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच

**मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव घु. में गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी डा. प्रतिभा मंडलोई ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री दिवाकर, शैक्षिक समन्वयक उमेश साहू तथा ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण साहू भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान डा. मंडलोई ने विद्यालय में संचालित शिक्षण व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, छात्र–छात्रओं की शैक्षणिक गतिविधियों एवं साफ–सफाई व्यवस्था की जांच की। विशेष रूप से मध्यान्ह भोजन योजना का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, पोषण तत्वों की उपलब्धता तथा स्वच्छता मानकों की समीक्षा की। बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में प्रत्यक्ष बातचीत भी की गई। बीईओ ने शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए, साथ ही छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु समुदाय से सहयोग लेने की बात भी कही। सरपंच नारायण साहू द्वारा पंचायत स्तर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणजनों ने निरीक्षण दल का स्वागत किया एवं विद्यालय विकास को लेकर सकारात्मक संवाद किया।

**मांग**

## स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, दो दिन थे हड़ताल पर

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम महासंघ के आह्वान पर मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ हड़ताल दो दिवसीय 16 एवं 17 जुलाई को हड़ताल पर रहा। प्रांतीय टीम के आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी जिला स्तर पर धरना रैली कर कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया।




एनएचएम संघ के जिलाध्यक्ष अमित दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत लगभग 16 हजार कर्मचारी कार्य कर रहे हैं जिसमें चिकित्सकीय तथा प्रबंधकीय दोनों ही प्रकार के कैडर मिलकर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संपादित करने का कार्य करते आ रहे हैं जिससे मुंगेली जिला एवं राज्य को स्वास्थ्य क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। पवन निर्मलकर ने बताया कि हड़ताल के बाद ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपने वालों में जिलाध्यक्ष अमित दुबे, पवन निर्मलकर, डा मीनाक्षी बंजारे, उदय भानू सिंह बंजारे, बलराम, जितेंद्र, अमित अहिरवार,संतोष निर्मलकर, गोविन्द साहू, ओमप्रकाश, लिलक मरकाम, राजेंद्र राजपूत, विनोद देवांगन अवि साहू, राजकुमार आदि मौजूद थे।

**बैठक**

## शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के पदाधिकारियों की नियुक्ति

**मुंगेली।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे की बैठक रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। प्रदेश कार्य समिति अध्यक्ष के पद पर ठाकुर हरिकपूर को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं चंद्र मौली मिश्रा, दाऊ राम चौहान, संतोष पाण्डेय, रवि मेजरवार को प्रदेश महासचिव, समीर पाल



को प्रदेश कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र यादव, गिरवर वर्मा, मनहरण साहू, गगन वैष्णव, कमल बोस जी को प्रदेश सचिव, सरगिम कवासी, विष्णु वैष्णव, शिव लिमजे प्रदेश सचिव, प्रेम शंकर महिलांग प्रदेश प्रवक्ता, महिला शिवसेना प्रदेश सचिव गंगोत्री साहू, पिंकी पटेल, ममता राजपूत, अहिल्या यादव, सारंगढ़ बिलाईगढ जिलाध्यक्ष संगीता केवट एवं मुंगेली जिलाध्यक्ष संतोष साहू को बनाया गया। साथ ही प्रदेश एवं जिला के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कर्यक्रम में ओपी यादव, भानू निषाद, इन्द्र कुमार साहू, महेंद्र साहू, रामायण साहू, अजय यादव, गोकुल यादव, जयकुमार यादव, श्रीराम यादव, परमेश्वर साहू, राजेश्वर साहू, कमलेश साहू, सोनू यादव, गोपाल साहू, धर्मेंद्र यादव, मिथलेश साहू, संजय यादव, सनत साहू, अनिल यादव, मनोहर साहू, रामकुमार कश्यप आदि मौजूद थे।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज




**मुंगेली।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 137 (2) के तहत कार्यवाही कर रही है।प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी नाबालिग लड़की 8 जुलाई को इसकी लड़की घर से बिना बताये कहीं चली गई है। मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम बिलासपुर रवाना किया गया। अपहृता बालिका को पुलिस टीम के द्वारा सिरगिट्टी बिलासपुर से संदेही आरोपी दीपक मानिकपुरी उर्फ टाईसन पिता स्व. संतोष मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड मुंगेली के कब्जे से 15 जुलाई को बरामद किया गया एवं महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया है।

## आत्मानंद स्कूल में प्राकृतिक आपदाओं को लेकर मॉक ड्रिल

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में फेमेक्स एंड कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम अंतर्गत प्राकृतिक आपदा, आग लगने, भूकम्प से बचाव व सुरक्षा के संबंध में एनडीआरएफ की टीम ने निरीक्षक पीके बारिक के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में भूकम्प या अन्य किसी आपदा में फंसे लोगों के बचाव एवं राहत कार्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर आस-पास दुर्घटना घटने पर पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के रूप में दी जाने वाली जरूरी सहायता की विस्तृत जानकारी के साथ मॉक ड्रिल कराया गया। साथ ही सीपीआर, एफबीएओ, ब्लीडिंग कंट्रोल, फॉयर एक्सीग्यूटर, सर्पदंश, आकाशीय बिजली आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम निरीक्षक, उप निरीक्षक विकास शर्मा, आरक्षक आशादीप त्रिपाठी, मधुसूदन, हरिओम शर्मा, एसके बैठा ने प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर रोचक प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सीखे गए ज्ञान का क्रियान्वयन अपने स्तर पर आवश्यकतानुसार करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, अनुविभागीय अधिकारी पार्वती पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली होरी सिंह ठाकुर, एबीईओ विमित्रा घृतलहरे की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम मे स्कूल की ओर से व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, सांत्वना दत्ता, वंदिता गुप्ता, रूही फातिमा, हरिशंकर गुप्ता, शबनम बानों, पारूल ओझा, रंजीता केवट, सहित दोनों माध्यम के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय भाग लिया।



आपदा से बचाव के लिए प्रशिक्षण देती टीम।

### फास्टरपुर स्कूल के बच्चों को दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी



**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में ओडिशा से आई आपदा प्रबंधन की टीम बच्चों को प्रेक्टिकल करके, उदाहरण देकर आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। बच्चों को सामने लाकर प्रेक्टिकल करके बताया गया। विद्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। सभी छात्र–छात्रओं का आयुष्मान कार्ड बनवाने में एनएसएस के स्वयं सेवको के द्वारा सहयोग करते हुए दल नायक विकास साहू, उप दल नायक गजेंद्र एवं सभी स्वयं सेवक प्राचार्य डा पूर्णिमा मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी डा रामबाबू मिश्र साथ में आए चिकित्सा केंद्र सेतगंगा से लता बनर्जी, संतोषी पहारे बनाते हुए।

**पहल अभियान के तहत पुलिस परिवार ने रोपे पौधे**

# पर्यावरण संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण हैं पेड़: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अभियान ''पहल'' के तहत जिला पुलिस एवं पुलिस परिवार ने रक्षित केन्द्र में 27 पौधे अलग–अलग प्रकार के 200 से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक ने अभियान ''पहल'' के दौरान पौधों उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने पुलिस परिवार के बच्चों को खेल के महत्वों को बताते हुए बच्चों के साथ खेल खेले।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''पहल'' के तहत रक्षित केन्द्र में 27 नक्षत्रें के 27 पौधे विभिन्न प्रकार के 200 से अधिक पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। इस अभियान में जिला पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, जिले के विभिन्न कोटवार एवं पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रय के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए उसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा कर बताया कि पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम न केवल वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करता है, बल्कि जल संचयन, जैव विविधता और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा–भरा वातावरण प्रदान करने की जानकारी देते हुये प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



पौधरोपण करता पुलिस परिवार।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रस्टि तिग्गा एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस परिवार के सदस्य तथा कोटवार उपस्थित रहे।

## पदमपुर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा, लोगों को किया जागरूक

**मुंगेली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा व जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाना है। इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह आयोजन 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। भारत सरकार के की ओर से इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है। 2025 का स्लोगन 'मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' दिया गया है। डॉ मनीष बंजारा ने



जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के दौरान जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संतुलित आर्थिक विकास के लिए जनसंख्या सस्थिरीकरण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण का तात्पर्य है जनसंख्या वृद्धि दर जन्म दर और मृत्यु दर के बीच संतुलन बना रहे। जनसंख्या स्थिरीकरण भारत के सतत विकास, संसाधनों के संरक्षण और सामाजिक स्थिरता के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होने के कारण देश के संसाधन व भौगोलिक स्थिति आर्थिक सामजस्य और विकास के लिए जन संख्या का स्थिरीकरण को अत्यंत आवश्यक बतलाया।